


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना  वर्ष-14, अंक -42 जबलपुर, बुधवार 12 मार्च 2025  कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8  संपादक अरुण श्रीवास्तव


# बलूच आर्मी ने पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक की-30 सैनिक मारे, 214 यात्री बंधक

## सरकार को अल्टीमेटम- बलूच कैदियों को 48 घंटे में रिहा करें

बलूचिस्तान-(आरएनएस)। बलूचिस्तान में पिछले एक साल में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में कम से कम 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, पाकिस्तान का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है। बलूचिस्तान से एक होश उड़ा देने वाली खबर सामने आई है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान पर सबसे बड़ा हमला कर दिया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि बलूचिस्तान अपनी आजादी के बेहद नजदीक पहुंच गया है। अब तो अमेरिका तक ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान की एक ट्रेन जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया है। इस ट्रेन में पाकिस्तान के 450 लोगों को बंधक बना लिया गया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान की सेना ने जरा सी भी हरकत करने की कोशिश की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। बलूचिस्तान के कच्छी जिले के माच टाउन के आब-ए-गम इलाके के पास ट्रेन को हाईजैक किया गया है। खबर के मुताबिक, करीब छह हथियारबंद लोगों ने ट्रेन पर गोलीबारी की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, बीएलए का मुकाबला करने के लिए पाक सेना एयर स्ट्राइक की तैयारी कर रही है और एयर एसेट तैनात किए गए हैं।

**ट्रेन में आईएसआई और पाक सेना के अफसर भी मौजूद**

ट्रेन हाईजैक करते हुए बलूच आर्मी ने पाकिस्तान के 11 सैनिकों को मार दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात तो ये है कि इस ट्रेन में पाकिस्तान की सेना, पाकिस्तान की पुलिस और पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधक दल के अफसर व आईएसआई के अधिकारी भी बैठे हैं। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन में बैठे पाकिस्तान के अधिकारियों की संख्या 182 से ज्यादा है। ये सभी अफसर छुट्टी मनाने के लिए पाकिस्तानके पंजाब प्रांत में जा रहे थे। बलूचों ने ट्रेन में बैठे इन पाकिस्तानी अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि जरा सी हरकत की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। खबर सामने आ रही है कि बलूच आर्मी ने इस ट्रेन से महिलाओं और बच्चों को रिहा कर दिया है। बलूच लिबरेशन आर्मी की फिदायिन आर्मी और मजीद ब्रिगेड इस मिशन को लीड कर रही है।



**पांच संगठनों ने मिलाया हाथ**

गौर करने वाली बात ये है कि कुछ दिन पहले ही बलूच आर्मी ने ऐलान किया था कि वो पाकिस्तान पर अपने हमले के तरीकों को बदल देगा। कुछ दिन पहले ही बलूचिस्तान और सिंध प्रांत के पांच संगठनों ने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ हाथ मिला लिया था। इनमें तीन संगठन बलूचिस्तान के हैं और दो संगठन सिंध प्रांत के हैं। मकसद साफ है बलूचिस्तान और सिंध प्रांत को पाकिस्तान से अलग करना और काम शुरू भी हो चुका है। कुछ दिन पहले पाकिस्तान की संसद में भी बयान दिया गया था कि बलूचिस्तान से पांच से सात प्रांत खुद को आजाद घोषित करने वाले हैं।

**बलूचिस्तान में एक साल में हुई हमले में वृद्धि**

बलूचिस्तान में पिछले एक साल में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में कम से कम 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, पाकिस्तान का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा है। बलूच विद्रोही समूह अक्सर सुरक्षा कर्मियों, सरकारी परियोजनाओं और क्षेत्र में 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाकर हमले करते रहते हैं।

इस ट्रेन हाईजैक से ठीक पहले अमेरिका ने भी बलूचिस्तान को लेकर एक बहुत बड़ा ऐलान किया था। अमेरिका ने अपने देश के नागरिकों को चेतावनी दी थी कि वो बलूचिस्तान न जाए, क्योंकि बलूचिस्तान में कुछ बड़ा होने वाला है। बलूचिस्तान में आजादी की जंग को देखकर अमेरिका ने अपने लोगों के लिए एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की थी। अमेरिका ने पाकिस्तान को खतरनाक देशों की श्रेणी में डाल दिया और अपने लोगों से कहा कि वो वहां जाने से बचे।

## हास्य व्यंग्य के अनूठे होली विशेषांक का हुआ लोकार्पण

# विचित्र विनोद का होली विशेषांक एक अनूठा विशेषांक जो सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवित रखे हुआ है - विश्वास कैलाश सारंग

## होली विशेषांक पर लिखित उपाधियों की चर्चा पूरे भोपाल में होती है - वरिष्ठ पत्रकार महेश सक्सेना

भोपाल। विचित्र विनोद होली विशेषांक का लोकार्पण खेल एवं युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वस कैलाश सारंग, वरिष्ठ पत्रकार महेश सक्सेना, वरिष्ठ अधिवक्ता साजिद अली द्वारा 22 विचित्र विलो प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल मध्यप्रदेश में किया गया। श्री के.के.सक्सेना (प्रधान सम्पादक) एवं विलक्षण सक्सेना (सम्पादक) द्वारा उपस्थित जनो पर लिखित उपाधी का वाचन किया गया। कार्यक्रम खेल एवं युवा कल्याण व सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं पूर्व सांसद आलोक संजर की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। विचित्र विनोद के होली विशेषांक लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान श्री सारंग ने कहा कि कोई भी अंक निकालना बडी बात नहीं है उसे वर्षों से निरंतरता प्रकाशित करना बडी बात है, उन्होंने कहा कि विचित्र विनोद का होली विशेषांक ये देश का एक ऐसा विशेषांक है जो भोपाल एवं अपनी सांस्कृतिक पम्पराओं को जीवित रखे हुआ है जिसमें



स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी की अहम भूमिका रही है। साथ ही उन्होंने होली विशेषांक की निरंतरता के लिये सम्पादक श्री के.के.सक्सेना एवं उप सम्पादक श्री विलक्षण सक्सेना जी की भूरी भूरी प्रशंसा की। वरिष्ठ पत्रकार महेश सक्सेना जी ने विचित्र विनोद के संस्थापक स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी की पुरानी यादों को साझा करते हुए कहा कि श्री सिन्हा जी का जब यह विशेषांक प्रकाशित होता था तो उसमें लिखित उपाधियों की चर्चा चौक से लेकर पूरे भोपाल तक की जाती थी। मैं होली विशेषांक का जब पहला अंक प्रकाशित हुआ था जब भी साक्षी रहा हूं आज भी साक्षी हूं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता साजिद अली जी ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व जिसमें न कोई जात पात होती है और ना ही कोई गिला सिकवा आज हम सब एक छत के नीचे एक साथ बैठे हुए है इसी को होली कहते है। विचित्र विनोद के होली विशेषांक की शुरूआत श्री विचित्र कुमार सिन्हा जी द्वारा सन 1973 में की गई थी, जिसे श्री के.के.सक्सेना जी द्वारा निरन्तर प्रकाशित किया जा रहा है, खास बात यह भी है कि अब श्री विचित्र कुमार सिन्हा जी के पोते विलक्षण सक्सेना का भी इस विशेषांक में महत्वपूर्ण योगदान रहता है जो कि विचित्र कुमार सिन्हा जी के विचित्र प्रतिभा के ही स्वरूप है, इस हास्य व्यंग्य के अनूठे विशेषांक में विभिन्न राजनैतिक, साहित्यिक, पत्रकार, एडवोकेट, समाजसेवी, डॉक्टर व देश, प्रदेश के प्रतिष्ठित व्यक्ति व्यक्तियों पर उपाधी लिखी जाती है। कार्यक्रम में संचालनविलक्षण सक्सेना द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में कविता पाठ का भी आयोजन किया गया जिसमें भोपाल के जाने माने कवियों ने भाग लिया। जिन्होंने अपनी कविताओं से सभी का मन मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आई बी शास्त्री, जी.के. छिब्बर, बी.के.बाथम, डॉ. सैय्यद वाहिद अली, सुरेश गुप्ता, दिनेश जोशी, चन्द्र किशोर सिसोदिया, अतुल खरे, राकेश रावत, राजेश दाहिमा, क्रांतिदीप अलूने, के.के. जोशी, संदीप कपूर, महेश सक्सेना, वात्सायन जैन, सोनू भाभा, अजय श्रीवास्तव, आनंद तारण, गोपाल कृष्ण छिब्बर, के.के.दुबे, रवीन्द्र जैन, प्रहलाद दास मेहता, संजय गुप्ता, संजय सिंह चौहान, अजय सोगानी, कमल जैन श्वेता, रघुवीर तिवारी, एम.के. शर्मा, अशोक मेहता,मंजू मेहता, उर्मिला जुनेजा, विजय जुनेजा राजकुमार वर्मा, उमेश राव घोलप, अशोक सोनी, इन्द्र सिंह राजपूत, राजेश जैन, अरविन्द मित्तल, गोपाल मुखरैया, अनिल जैन, प्रभात जैन, ब्रज किशोर वर्मा, अमित तडैया, संजय मुंगावली, अमिताभ बाजपेयी, दीपक जैन, शैलेन्द्र जैन, निर्भय मीणा, राजेश मोहनियां, संदीप पंडा सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आपके बाप का राज नहीं भाजपा विधायक के बयान पर भड़के तेजस्वी बोले

# एक मुसलमान की रक्षा के लिए 5 हिंदू खड़े है



बिहार-(आरएनएस)। बिहार के एक विधायक द्वारा मुसलमानों से होली पर घर से बाहर न निकलने की अपील पर विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने पूछा है कि क्या राज्य विधायक के पिता का है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चुनौती दी है कि वे विधायक को फटकारें और उनसे माफी मंगवाएं। मधुबनी जिले के बिस्फी से विधायक हरिभूषण ठाकुर बचोल ने अपनी टिप्पणी पर विस्तार से बताते हुए मीडिया से कहा कि टकराव से बचने के लिए मुसलमानों को होली पर घर पर ही रहना चाहिए। इस बार होली शुक्रवार ;14 मार्चद्ध को है और मुसलमान शुक्रवार को सामूहिक नमाज अदा करते हैं। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने बयान दिया कि होली के मौके पर मुसलमानों को घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। क्या यह पिता का राज्य हैघ् वह कौन हैघ् वो ऐसा बयान कैसे दे सकते हैंघ् जब महिलाएं अपने सम्मान के लिए आवाज उठाती हैं तो वो ;बिहार के सीएम नीतीश कुमारद्ध उन्हें डांटते हैं। उन्होंने कहा कि क्या बिहार के सीएम नीतीश कुमार में हिम्मत है कि वो बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल को डांट सकें। जेडीयू पर बीजेपी और संघ ;आरएसएसद्ध का पूरा प्रभाव है।

उन्होंने कहा कि ये बिहार है यहां एक मुसलमान को बचाने के लिए पांच से छह हिंदू आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम बिहार में उनके एजेंडे को सफल नहीं होने देंगे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार को उनसे ;भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौलद्ध विधानसभा में माफी मांगने को कहना चाहिए। आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि यह देश सबके खून.पसीने से बना है। कोई ऐसी धमकी कैसे दे सकता हैघ् क्या देश में कोई नया खाका विकसित हो रहा हैघ् ऐसे में तेजस्वी यादव ने कहा कि एक मुसलमान की रक्षा के लिए 5 हिंदू खड़े हैं। भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर के बयान पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव अहंकार में हैं क्योंकि उनके लिए यह लोकतंत्र नहीं बल्कि राजतंत्र है। वह संघर्ष करके राजनीति में नहीं आए हैं। वह लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं और यह प्रतिष्ठा है। ठाकुर ने कहा था कि मैं मुसलमानों से अपील करना चाहता हूं कि साल में 52 जुमा ;शुक्रवारद्ध होते हैं। उनमें से एक जुमे पर होली का पर्व पड़ रहा है। इसलिए उन्हें हिंदुओं को त्योहार मनाने देना चाहिए और अगर उन पर रंग लग जाए तो उन्हें बुरा नहीं मानना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी, कहा

# रेप साबित करने के लिए प्राइवेट पार्ट पर चोट जरूरी नहीं



नई दिल्ली. (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले को लेकर सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की. कोर्ट ने कहा कि दोष सिद्ध करने के लिए प्राइवेट पार्ट्स पर चोट के निशानों का होना जरूरी नहीं है. अन्य सबूतों को भी आधार बनाया जा सकता है.

जस्टिस संदीप मेहता और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की. ये मामला करीब 40 साल पुराना है. कोर्ट ने 1984 में बीए की छात्रा से बलात्कार के लिए एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा. अभियोजन पक्ष के अनुसार, 19 मार्च 1984 को पीड़िता ट्यूशन के लिए आरोपी के घर गई थी, जब उसने उसका यौन उत्पीडन् किया. उसने उसे धमकी भी दी कि अगर उसने शोर मचाया तो वह उसे जान से मार देगा. इस मामले में व्यक्ति को पांच साल की सजा हुई है. एक ट्यूशन टीचर पर अपनी ही छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था. टीचर की ओर से दलील दी गई थी कि पीड़िता के प्राइवेट पार्ट्स पर कोई भी निशान नहीं था इसलिए दुष्कर्म साबित नहीं किया जा सकता है. उसका कहना था कि पीड़िता की मां ने उसपर गलत आरोप लगाए हैं. हालांकि, कोर्ट ने आरोपी की ओर से दी गई दलीलों को खारिज कर दिया. जस्टिस वराले ने कहा कि जरूरी नहीं है कि रेप के हर मामले में पीड़िता के शरीर पर चोट के निशान ही पाए जाएं. कोई भी केस परिस्थितियों पर निर्भर करता है. इसलिए दुष्कर्म साबित करने के लिए पीड़िता के शरीर पर चोट के निशानों को जरूरी नहीं. न्यायालय ने यह भी कहा कि अभियोक्ता के बयान के अनुसार, आरोपी ने उसे जबरन बिस्तर पर धकेल दिया और उसके प्रतिरोध के बावजूद कपड़े के टुकड़े से उसका मुंह बंद कर दिया.

## एमपी में मोहन सरकार का बजट कल कृषक उन्नति योजना का होगा एलान, ढाई लाख पदों पर होगी भर्ती



भोपाल- (आरएनएस)। बुधवार को विधानसभा में मोहन सरकार का दूसरा बजट प्रस्तुत होगा। जाहिर है कि मोदी सरकार के बजट की रोशनी में इसे तैयार किया गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान मंत्र पर आधारित रहेगा। ज्ञान यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी।

इसके लिए चार मिशन भी लागू किए जा चुके हैं। अब बजट में पूर्व से संचालित योजनाओं में प्रावधान किए जाएंगे। वहीं, किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ करने की घोषणा हो सकती है। इसमें गेहूं, धान और श्रीअन्न के उत्पादन पर प्रोत्साहन दिया जाएगा।

## पाकिस्तान की बड़ी बेइज्जती, छुट्टी मनाने लॉस एंजिल्स गए राजदूत, अमेरिका ने बाहर निकाला



रावलपिंडी.(आरएनएस)। पाकिस्तान को इंटरनेशनल बेइज्जती का सामना करना पड़ा है. अमेरिका ने पाकिस्तानी राजदूत को एयरपोर्ट से लौटा दिया. वह छुट्टी मनाने लॉस एंजिल्स जा रहे थे. किसी राजदूत के साथ इस तरह की घटना बेहद कम देखी जाती है. तुर्कमेनिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत केके अहसान वगान छुट्टी मनाने लॉस एंजिल्स जा रहे थे. उनके पास वैध वीजा और सभी कानूनी यात्रा दस्तावेज थे. इसके बाद भी उन्हें अमेरिका में प्रवेश से रोका गया और लॉस एंजिल्स से निर्वासित कर दिया गया. अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर ही रोक लिया और बैरंग वापस कर दिया. रिपोर्ट के अनुसार विवादास्पद वीजा संदर्भों के बारे में जानकारी मिलने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने केके अहसान के खिलाफ यह कार्रवाई की. अमेरिका की ओर से विस्तार से नहीं बताया गया है कि किन चिंताओं के चलते अहसान को निर्वासित किया गया. इस घटना पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, अहसान केके वगान को अमेरिका से डिपोर्ट किया गया है.

## एनकाउंटर में मारा गया झारखंड का गैंगस्टर अमन साहू रायपुर से रांची ले जाते समय गैंग ने हिरासत से छुड़ाने के लिए किया था हमला



पलामू (आरएनएस)। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव उर्फ अमन साहू का एनकाउंटर हो गया है। उसे मंगलवार सुबह रायपुर जेल से रांची लाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, इसी दौरान अमन गैंग के अपराधियों ने अमन को पुलिस हिरासत से छुड़ाने के लिए हमला किया। पुलिस के वाहन पर दो बम फेंके गए। फायरिंग की गई। इसी दौरान अमन ने राइफल छीनकर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में अमन मारा गया। एसटीएफ के हवलदार राकेश के पैर में भी गोली लगी है। मुठभेड़ पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में सुबह 9-30 बजे हुई पलामू एसपी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर एंबुलेंस भेजी गई।

# लोकसभा में पेश हुआ इमिग्रेशन और फॉरनर्स बिल 2025

नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने नियमों का हवाला देते हुए विधेयक को पेश किए जाने का विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक कई मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। तिवारी ने कहा कि इस विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा जाए ताकि इस पर गहन विचार-विमर्श किया जा सके।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को आव्रजन और विदेशी विधेयक, 2025 पेश किया। विधेयक में भारत के आव्रजन कानूनों में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव है। नया विधेयक पारित होने के बाद, यह औपनिवेशिक युग के कानूनों की जगह लेगा, जिसमें विदेशी अधिनियम, 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम, 1939 और आव्रजन (वाहक दायित्व) अधिनियम, 2000 शामिल हैं। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाना, आव्रजन प्रक्रियाओं को नियंत्रित करना और प्रवेश और ठहरने की शर्तों का उल्लंघन करने वाले विदेशियों पर सख्त दंड लागू करना है।



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने नियमों का हवाला देते हुए विधेयक को पेश किए जाने का विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक कई मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। तिवारी ने कहा कि इस विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा जाए ताकि इस पर गहन विचार-विमर्श किया जा सके। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने भी नियमों का हवाला देते हुए विधेयक को प्रस्तुत किए जाने का विरोध किया।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी पाटन नवल सिंह आर्य ने बताया कि चौकी नुनसर में मुखबिर से सूचना मिली कि जरोंद रोड़ पर एक नीले रंग के लोडिंग आटो में 2 व्यक्ति जरोंद गांव में अवैध शराब लेकर जा रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जरोंद रोड़ पर पुलिया के पास नीले रंग का बिना नम्बर का लोडिंग आटो जरोंद तरफजाते दिखा, जिसका पीछा कर घेराबंदी कर रोका गया, आटो में आटो चालक एवं एक अन्य व्यक्ति बैठा था जिन्होंने नाम पता पूछने पर अपने नाम शम्भु प्रसाद उर्फ भीम बर्मन उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम जरोंद थाना पाटन एंव रजित पटैल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम ढूड़ी थाना

# संस्कारधानी समरसता होली महोत्सव में होगी बड़ी संख्या महिलाओ की भागीदारी





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी समरसता होली महोत्सव की तैयारियों को लेकर सहयोगी मातृशक्तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन की उपस्थिति में होटल अग्रोहा विजय नगर में संपन्न हुई। बैठक में मातृशक्ति ने उत्सव की भव्यता, सामाजिक समरसता के संदेश और विभिन्न आयोजन संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। गौरतलब है कि समरसता सेवा

## कार्यक्रम की तैयारी और रूपरेखा हेतु महिलाओं की बैठक सम्पन्न

संगठन द्वारा लगातार दूसरे वर्ष संस्कारधानी समरसता होली महोत्सव का आयोजन रंग पंचमी पर किया गया जिसमे समरंग यात्रा के साथ ही होली महोत्सव का आयोजन होगा जिसमे सर्व समाज की भागीदारी के साथ ही सभी वर्गो की भागीदारी हेतु संगठन द्वारा बैठके आयोजित की जा रही है। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कहा आयोजन कोई भी पर यहां माताओं बहनों आशीर्वाद और सहयोग मिल जाता है उसकी सफलता निश्चित हो जाती है। समरसता सेवा संगठन द्वारा आगामी 19 मार्च को रंगपंचमी पर आयोजित संस्कारधानी समरसता होली महोत्सव के आयोजन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की भागीदारी हो इस हेतु आज की बैठक आयोजित की गई है।श्री जैन ने कहा समरसता सेवा संगठन इस उत्सव को समाज की एकता और भाईचारे का प्रतीक बनाने के लिए संकल्पबद्ध है और संगठन सभी सहयोगी मातृशक्तियों का हृदय से आभार प्रकट करता है। बैठक में उपस्थित महिला संगठनों की प्रतिनिधियों और माताओं बहनों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव और सहयोग प्रदान किया।



# आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 16 प्रकरण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 11 मार्च 2025 को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा की 4, अतिक्रमण की 2, योजना की, बाजार की 1, जलप्रदाय की 4, स्वास्थ्य की 3, कॉलोनी की 1 एवं 1 पेंशन सं संबंधित कुल 16 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में फूलों की होली 14 को

# 464 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में कल



जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सैकड़ो वर्षों से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा फागुन पूर्णिमा 13 फरवरी गुरुवार सुबह 6:00 बजे 464 वी परिक्रमा पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में निकाली जाएगी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 14 मार्च शाम 4:00 बजे चैतन्य महाप्रभु के अभिषेक के साथ फूलों की होली होगी आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज एवं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा की संरक्षक श्रीमती सुषमा शिव शंकर पटेल परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण करेंगे परिक्रमा बेनगंगा पुल से प्रारंभ होकर 64 योगिनी पंचवटी धुआंधार लमेटा घाट से नाव पार कर शनि मंदिर डुडुवाड़ा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महा आरती के संस्थापक एव नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संकीर्तनचार्य पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाब बनी कंछेदी लाल पटेल कैलाश विश्वकर्मा विशाल पंडया आदि ने की है

# परामर्शदात्री समिति की बैठक में आए सुझावों पर होगी कार्यवाही- ऊर्जा मंत्री तोमर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विधायकों द्वारा दिये गये सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन विभाग के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस योजना की संभागवार समीक्षा करेंगे। समीक्षा में विधायकों को भी ऑनलाइन जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीटर आधारित कनेक्शन देने पर विचार किया जाएगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आ रही समस्याओं के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर एक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत की निरंतर बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये पर्याप्त बिजली उपलब्ध है।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई ने गत एक वर्ष में विभाग द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में राज्य का अंश 23 हजार 788 मेगावॉट है। राज्य में पिछले 5 वर्षों में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1086 यूनिट से बढ़कर 1332 यूनिट हो गई है। यह प्रदेश के विकास का द्योतक है।

बैठक में टीकमगढ़ के विधायक श्री यादवेन्द्र सिंह, कटंगी जिला बालाघाट के विधायक श्री गौरव सिंह पारधी, पिपरिया जिला नर्मदापुरम के विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी और कालापीपल जिला शाजापुर के विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी ने ऊर्जा विभाग के कार्यों में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया। उप सचिव ऊर्जा श्री मंदार पुराणिक ने पॉवर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री क्षितिज सिंघल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट विधानसभा में पारित हो पत्रकारों पर बढ़ते हमले चिंताजनक- डॉ.अजय वाधवानी



जबलपुर. उत्तर प्रदेश के बहुचर्चित पत्रकार राघवेन्द्र द्विवेदी हत्याकाण्ड से देश का समूचा मीडिया दहशत में है. देश के साथ ही प्रदेश में पत्रकारों पर बढ़ते हमले चिंताजनक हैं लिहाजा जल्द ही विधानसभा में पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट को लाकर उसे कानून का रूप दिया जाना चाहिए. यह मांग मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया व जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी ने की है. डॉ. वाधवानी ने कहा है कि जल्द ही इस मुद्दे पर संगठन का प्रतिनिधि मण्डल मुख्य मंत्री मोहन यादव से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा.

### अकाल मृत्यु

जबलपुर.- थाना बरेला चौकी गौर में रमेश यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चहचही पिण्डरई ने सूचना दी उसका जीजा गुड्डा यादव उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम चहचही शराब पीने का आदि था दिनांक 8-3-25 को शाम को भी शराब पिया हुऐ था घर में सो रहा था आज सुबह लगभग 5 बजे देखा जीजा गुड्डा यादव सिलिंग फेन में फंसी लगाकर लटका हुआ था जिसकी मृत्यु हो चुकी थी।

# होली के अवसर पर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। होली के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा व्यापक सुरक्षा उपायों को लागू किया गया है।

1) सुरक्षा बल की तैनाती

पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के साथ साथ रेलवे सुरक्षा विशेष बल के जवान तैनात किए गए हैं। इन जवानों को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित विशेष ब्रीफिंग भी की जा रही है ताकि वे किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें।

2) सीसीटीवी निगरानी और तकनीकी उपाय

सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी को और तेज कर दिया गया है। आरपीएफ द्वारा स्टेशनों के संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए डिजिटल निगरानी तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। इसके अलावा, मेटल डिटेक्टर्स और बैगेज स?कैनर मशीनों का प्रयोग यात्रियों के सामान की जांच के लिए किया जा रहा है।

3) संदिग्ध एवं नशीली वस्तुओं की जांच

स्टेशन परिसर में संदिग्ध सामान या वस्तुएं पाए जाने पर उनकी तुरंत और गहन जांच की जाएगी। आरपीएफ के जवान संदिग्ध वस्तुओं और बैगों की चेकिंग ॥।स्ध एवं डॉग स?कॉड के साथ कर रहे हैं। आरपीएफ द्वारा ट्रेनों और स्टेशनों पर नशीली वस्तुओं के सेवन या शराब पीने जैसे विघटनकारी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन न करें।

4) सुरक्षा गश्त और यात्री मार्गदर्शन

स्टेशन परिसर में आरपीएफ के जवान निरंतर गश्त कर रहे हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पहचान की जा सके। साथ ही, यात्रियों को सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए वे उन्हें सुरक्षा संबंधित जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं। ऋक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि होली के इस पर्व के दौरान महिलाओं, बच्चों और बुर्जगों की सुरक्षा और सम्मान का ध्यान रखा जाए। असभ्य व्यवहार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आरपीएफ ने यात्रियों से यह भी अपील की है कि वे रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा प्रबंधों का पालन करें, अपनी यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि का तुरंत संज्ञान लेकर रेलवे सुरक्षा बल/जीआरपी/हेल?प लाईन 139 पर सूचित करें। होली के इस पावन पर्व पर, आरपीएफ ने पूरी तरह से प्रतिबद्धता दिखाते हुए पश्चिम मध?य रेलवे के रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा प्रबंधों का इंतजाम किया है, ताकि यात्री बिना किसी चिंता के अपनी यात्रा आराम से कर सकें। रेलवे सुरक्षा बल, सभी यात्रियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें सुरक्षित यात्रा करने की सलाह देता हैं।

## नव वर्ष के आगमन पर 14 मार्च को होगा भव्य कीर्तन समागम



जबलपुर -नानक शाही संवत् 557के मुताबिक नव वर्ष के आगमन एवं चैत्र मास की पवित्र संगरांद पर गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर में 13 एवं 14 मार्च को भव्य कीर्तन समागम एवं गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा। इसमें रागी जत्था बीबी सिमरन कौर, लुधियाना पंजाब, भाई बलजीत सिंह एवं गुरुवाणी मीमांसक आदि विद्वतजन शिरकत करेंगे। प्रधानसाहिब रजिंदर सिंह छाबड़ा एवं प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से सहयोग एवं उपस्थिति की अपील की है। 13 मार्च का आयोजन रात्रि 7.30 से 10.15 तक एवं 14 मार्च का आयोजन प्रात: 7.30 से प्रात: 10 बजे तक संपन्न होगा।

# फागुनी तेरस पर लाखों श्रद्धालु करते हैं शत्रुंजय महातीर्थ पालीताणा की यात्रा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिदपुर रोड बुधवार फागण सुदी तेरस के दिन देश भर से जैन धर्म के लाखों श्रद्धालु शाश्वत शत्रुंजय महातीर्थ गिरिराज पालीताणा पहुंचकर छ: गांव की यात्रा करके अपने पुण्य का उपार्जन करते हैं। 22 में तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ के समय कृष्ण महाराज के पुत्र श्याम एवं प्रद्युमन ने भगवान नेमिनाथ की वाणी को सुनकर वैराग्य भावउत्पन्न हुआ भगवान के पास जाकर वैराग्यधारण किया भगवान से आज्ञा लेकर शत्रुंजय महा तीर्थ पर दीर्घ तपस्या एवं ध्यान साधना करते हुए भंडवा के डूंगर परआज ही के दिन फागण सुदी तेरस को 8.5 करोड़ मुनियों के साथ मोक्ष को प्राप्त किया उनकी मोक्ष यात्रा को स्मरण करते हुए 84 हजार वर्षों से फागण फेरी छ: गांव की यात्रा चल रही है हजारों लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस दिन शत्रुंजय महातीर्थ की यात्रा कर कर्मों की निर्जरा करते हैं 14 राजलोक में शत्रुंजय के समान कोई तीर्थ नहीं है इस पवित्र भूमि से करोड़ों मुनियों ने मोक्ष को प्राप्त किया साथ ही जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ने इसी महा तीर्थ से मोक्ष को प्राप्त किया




महिदपुर रोड नगर से भी अनेक श्रद्धालुओं ने फागुनी तेरस पर शत्रुंजय महातीर्थ पहुंचकर छ: गांव की यात्रा कर पुण्य लाभप्राप्त किया । भारत भर में आज के दिन जहां पर भी आदिनाथ भगवान का मंदिर होता है वहां पर सिद्धाचल तीर्थ की भाव यात्रा का आयोजन किया जाता है। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी



# राज्य जूडो स्पर्धा हेतु जिले का दल गठित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 से 31 मार्च तक भारतीय जूडो महासंघ के निर्देशन में देहरादून में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन के तत्वाधान में 16 से 18 मार्च तक इंदौर में राज्य स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें मध्य प्रदेश की विभिन्न जिलों के साथ ही शासकीय उपक्रमों राज्य खेल अकादमी भोपाल, साई आदि के खिलाड़ी भाग ले रहे है।संघ के सचिव एवं जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि जबलपुर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी इस प्रकार है- सारका अंजुम, आराधना राव, अनुष्का श्रीवास, नौशीन अंजुम, सोमिया सिद्दीकी, निधि गोटिया, निहारिका साहू,तौहीद अहमद, ऋषभ सेन आदि है। यह सभी खिलाड़ी त्रिभुवनदास मालपानी स्कूल मिलौनीगंज में जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।उल्लेखनीय है की उक्त स्पर्धा हेतु जिले के वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन एवं एडवोकेट अताउर्ररहमान अंसारी को तकनीकी अधिकारी के रूप में भी आमंत्रित किया गया है। ये सभी खिलाड़ी दिनांक 15 मार्च को इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस से इंदौर के लिए रवाना होंगे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर शाला के प्राचार्य राजकुमार मिश्रा, सत्येंद्र गुरु, शायदा अली, गौरी शंकर सार, रत्नेश सोनकर, तावेज़ अली, मनीष श्रीवास्तव आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# होली पर्व पर पश्चिम मध्य रेलवे से चल रही स्पेशल ट्रेनें

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से होकर भी कई स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी वेबसाइट से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। स्पेशल ट्रेनों की संक्षिप्त जानकारी निम्न है।

1) गाड़ी संख्या 02186/02185 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन- गाड़ी 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन आगामी 12 मार्च 2025 को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन आगामी 12 मार्च 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

2) गाड़ी संख्या 01704/01703 रीवा-रानी कमलपति-रीवा स्पेशल ट्रेन- गाड़ी 01704 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 16 मार्च 2025 को रीवा से सायं 18:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोर में 04:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01703 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 17 मार्च 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 06:15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सायं 17:10 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

3) गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन- गाड़ी 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 12 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 03:40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

4) गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेन- गाड़ी 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन आगामी 15 मार्च 2025 को कोटा से रात 21:05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सायं 18:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन आगामी 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से रात 21:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 22:25 बजे कोटा स्टेशन पहुँचेगी।

5) गाड़ी संख्या 01663/01662 रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन- गाड़ी 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 12 एवं 15 मार्च 2025 को रानी कमलापति से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01662 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 13 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।

6) गाड़ी संख्या 01707/01708 जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर स्पेशल ट्रेन- गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन आगामी 12 एवं 15 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 20:20 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन सायं 16:45 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर स्पेशल ट्रेन आगामी 13 एवं 16 मार्च 2025 को आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से सायं 18:05 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 10:00 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

7) गाड़ी संख्या 02981/02982 सोगरिया-हजरत निजामुद्दीन-सोगरिया होली स्पेशल ट्रेन- गाड़ी सं 02981 सोगरिया से हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन आगामी 13 एवं 15 मार्च 2025 को सोगरिया स्टेशन से रात 21:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 04:55 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02982 हजरत निजामुद्दीन से सोगरिया आगामी 14 एवं 16 मार्च 2025 को हज़रत निजामुद्दीन से सुबह 06:00 बजे प्रस्थान कर, दोपहर 13:10 बजे सोगरिया पहुँचेगी। इसके अलावा जबलपुर से अयोध्या के लिए भी चलाई जा रही है स्पेशल ट्रेन 8) गाड़ी संख्या 01701/01702 जबलपुर-अयोध्या कैंट-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन- गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर से अयोध्या कैंट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को आगामी 26 मार्च 2025 तक जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 11:00 बजे अयोध्या कैंट स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01702 अयोध्या कैंट से जबलपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को आगामी 27 मार्च 2025 तक अयोध्या कैंट स्टेशन से दोपहर 13:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेनों की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं वेबसाइट ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।



भोपाल -किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसान ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवाईयों का उपयोग कम करें। प्रदेश में लगभग 14.39 लाख हेक्टेयर में तीसरी फसल के रूप में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल ली जा रही है, जिसका उत्पादन 20.29 लाख मेट्रिक टन एवं औसत उ?पादकता 1410 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। ग्रीष्मकलीन मूंग की खेती मुख्यत- नर्मदापुरम, जबलपुर एवं भोपाल संभाग में की जाती है। ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती से किसानों की आय में वृध्दि हुई है,

**माधव, कूनो और घड़ियाल अभ्यारण्य से चंबल क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे**

# प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन से होगी रोजगार में वृद्धि-मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्स्थापन हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राज्य को 9वें नेशनल टाइगर रिजर्व की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के विमोचन के साथ बाउन्ड्री वॉल का लोकार्पण भी किया। चंबल में वन्य जीवों और मनुष्य के सह-अस्तित्व का अद्भुत नजारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में वन संपदा है और वन्य जीव बड़ी संख्या में हैं। चंबल क्षेत्र के कूनो में चीता, चंबल नदी में घड़ियाल और अब माधव नेशनल पार्क में बाघ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। चंबल में वन्य जीव और मनुष्य मिलकर सह-अस्तित्व के भाव से अपनी-अपनी जिंदगी जी रहे हैं। यह अद्भुत नजारा केवल चंबल में देखने को मिलता है। राज्य सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खुलेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत और विश्व में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश की भूमि पर पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बाघों के विचरण के लिए सिर्फ चंबल क्षेत्र ही शेष था। यह कमी भी आज पूरी हो गई है। स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर इस बाघ आरक्षित क्षेत्र का लोकार्पण राज्य के समग्र विकास के लिए बढ़ते कदम हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चंबल ने प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन के मामले में अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि माधव टाइगर रिजर्व नया इतिहास लिखेगा। यह क्षेत्र अब बाघों के पुनर्वास से अपनी नई पहचान बनाएगा। यहां पहले से भालू, तेंदुआ, हिरण, चिंकारा, भेड़िया, सियार, साही, अजगर और गिद्ध जैसे वन्य प्राणियों का बसेरा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन्य प्राणियों के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि नए टाइगर रिजर्व के विकास कार्यों में दूसरे जीवों के सह-अस्तित्व का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह कोई चिड़ियाघर नहीं, बल्कि मुक्त क्षेत्र है, जो वन्य जीवों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी खुला रहेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माधव टाइगर रिजर्व के लोगो का विमोचन किया और माधव नेशनल पार्क की बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण भी किया।

**चंबल क्षेत्र में वन्यजीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुईं- केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया**

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माधव टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व के बाद मध्यप्रदेश का तीसरा पुनर्जीवित किया गया नेशनल पार्क है। इससे चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर कूनो नेशनल पार्क में देश में विलुप्त हो चुके चीता को फिर से बसाया गया है। उन्होंने 10 मार्च 2023 को माधव नेशनल पार्क में पूर्व में 3 बाघ छोड़े थे। आज एक बाघिन को छोड़ा गया है। अब कूनो और माधव टाइगर रिजर्व का संयुक्त क्षेत्र 3000 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मिलकर माधव टाइगर रिजर्व के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।

# अलीराजपुर के लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्म-विश्वास को देखकर मन गदगद है-मंत्री विजयवर्गीय

**भगोरिया महोत्सव में शामिल होना मेरे लिये गर्व की बात**



भोपाल-(आरएनएस) नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि अलीराजपुर आकर भगोरिया महोत्सव में शामिल होकर में गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। भगोरिया महोत्सव में उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्मविश्वास को देखकर मन गदगद है। अलीराजपुर ने पिछले 20 वर्षों में तरक्की की नई ऊँचाईयों को छूआ है।

आज लोगों के पक्के मकान है, घर-घर तक जल पहुंच रहा है, आज जिले के किसान साल में 3-3 फसलें लें रहे है, ये स्थिति पिछले 20 वर्षों में बदली है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने आज यह बात आज भगोरिया महोत्सव में शामिल होने के बाद कहीं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों को धरातल तक लाने के लिए मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने मेहनत की है। उन्होंने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से अलीराजपुर आ रहे है। राज्य सरकार के प्रयासों से पलायन पहले की तुलना में कम हुआ है, सम्पन्नता बढ़ी है और जनजातीय अंचल के नागरिकों के अंदर आत्म-विश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं कार्यों को विश्व स्तर तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार किया जा रहा है।

भगोरिया महापर्व उल्लास के साथ मनाया जाता रहे इसके लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। भगोरिया महापर्व में मंत्री श्री विजयवर्गीय एवं राज्य मंत्री श्री गौतम टेटवाल का स्वागत जनजातीय संस्कृति को परिलक्षित करती हुई जैकेट और साफा पहनाकर मंत्री श्री नागर सिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान द्वारा किया गया।

**मंत्रालय में विभागीय विषयों की समीक्षा की**

# चिकित्सा शिक्षकों को पे-प्रोटेक्शन के लिये कैबिनेट प्रस्ताव प्रस्तुत करें- उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में वेतन संरक्षा (पे-प्रोटेक्शन) के लाभ आवश्यक है जिससे चिकित्सा शिक्षकों का आर्थिक संतुलन प्रभावित न हो और कार्यक्षमता बनी रहे। उन्होंने पे-प्रोटेक्शन के लिए कैबिनेट प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नर्सिंग पदों पर भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया और कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए मानव संसाधन की कमी को शीघ्र दूर करना आवश्यक है। उन्होंने मेडिकल इक्विपमेंट की समय पर खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू प्रदाय के लिये स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध होना आवश्यक है। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, एमडी एमपीपीएचसीएल श्री मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे।

# ग्रामीण समूहों की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन खंडवा की पहल

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हुआ ''नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम'''सपनों की उड़ान' नवाचार के तहत महिलाओं को वितरित की ई-रिक्शा की चाबी**



भोपाल (आरएनएस) जिला प्रशासन खंडवा द्वारा म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत जिले की विभिन्न ग्रामीण महिलाओं को जिला पंचायत खंडवा द्वारा ई-रिक्शा चलाने के लिये सर्वप्रथम लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। साथ ही ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खंडवा में आयोजित ''नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम'' में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने हरी झण्डी दिखाकर दीदियों के सपनों को उड़ान देते हुए ई-रिक्शा वितरित किये गये।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिला पंचायत खंडवा की मंशा है कि जब महिलाएं ई-रिक्शा चलाएंगी तो उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। वहीं दूसरी ओर बाजार में महिला यात्रियों को सुरक्षित परिवहन के वाहन भी उपलब्ध होंगे। महिला अपने बलबूते पर परिवार का पालन पोषण कर सकेंगी।प्रोजेक्ट के तहत चयनित महिलाओं को उनकी पसंद का ई-रिक्शा लेने के लिए उनके माध्यम से ही मार्केट सर्वे किया गया एवं उपलब्ध तीन मॉडलों का सर्वे कर उन्होंने आपस में बैठक कर मॉडल का चुनाव किया और एक सहमति बनाते हुए समूह से ऋण लेकर रिक्शा क्रय करने का निर्णय लिया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले में किए जा रहे नवाचार के तहत ई-रिक्शा संचालन ग्रामीण समूह की महिलाओं ने योजना बनायी। एक महीने पहले महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस के आवेदन कराए गए थे। इन ई-रिक्शा में पेनिक बटन एवं जीपीएस ट्रेकिंग जैसे सिस्टम भी लगाये गये है। जिससे महिलाएं ई-रिक्शा चलाते समय स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगी, ये महिलाएं खण्डवा शहर सहित तीर्थनगरी ओंकारेश्वर, पुनासा, पंधाना, खालवा, हरसूद के ग्रामीण क्षेत्रों में ई-रिक्शा चलायेंगी एवं इन दीदियों को शासन द्वारा शासकीय एवं अर्द्धशासकीय स्कूलों से अनुबंधित करवाया जाएगा। जिससे महिलाएं स्कूल के छात्र-छात्राओं को घर से स्कूल लाने ले-जाने का कार्य कर एक निश्चित मासिक आय अर्जित कर सकेंगी। इसके अलावा ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर महिला पैसेंजर के लिये महिला ई-रिक्शा की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सभी ब्लॉकों से 51 महिलाओं का चयन किया गया है जिसमें से वर्तमान में 20 महिलाओं को ई-रिक्शा दिये गए। यह कार्य आगामी वर्ष तक निरंतर चलता रहेगा।

## मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस का विरोध, राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

गुना (आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान, जिसमें उन्होंने जनता को भीख मांगने वाला कहा, के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने मंत्री पटेल को बर्खास्त करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। मंत्री पटेल ने अपने बयान में कहा था कि जब वे किसी कार्यक्रम में जाते हैं, तो लोग ज्ञापन देने के नाम पर भीख मांगने के लिए कटोरा लेकर खड़े हो जाते हैं। इस बयान से जनता में रोष फैल गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह न केवल आम जनता का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी विरुद्ध है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस बयान की निंदा की और कहा कि जनता की समस्याओं को उठाना उनका अधिकार है, इसे भीख मांगना कहना असंवेदनशीलता को दर्शाता है। शनिवार को ज्ञापन सौंपने के पहले भी विगत दिवस कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौराहे पर मंत्री पटेल का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया था। इस दौरान ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्री को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की।

# भोपाल स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग- 287 यात्री पकड़े गए, 1.40 लाख जुर्माना वसूला

भोपाल(आरएनएस) मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने तथा रेल राजस्व में वृद्धि करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे है

इसी क्रम में आज दिनांक 11.03.2025 को भोपाल स्टेशन पर एक साथ सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक वाणिज्य विभाग के 02 पर्यवेक्षक श्री अरुण श्रीवास्तव एवं श्री सुनील वर्गीस,20 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें।

इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों पर आने-जाने वाली कुल 19 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 105 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 58,990/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 168 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 78,550/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 14 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 2600/- बतौर जुर्माना/किराया वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 287 मामलों से कुल रुपये 1,40,140/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक श्री सौरभ कटारिया नें बताया कि यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें। अनियमित यात्राओं को रोकने से जहां रेल राजस्व में वृद्धि होती है, वहीं यह यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करता है। साथ ही उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें 7 प्रतिक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्री इ्रूत्रष्टञ्ज्ष्ट वेबसाइट/एप एवं ञ्जस् एप का उपयोग कर स्वयं भी टिकट बुक कर सकते है

## पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने खुरई की वोटर लिस्ट से कटवाया नाम: पत्नी, बेटे और बेटियों का भी मतदाता सूची से हटवाया नाम, सामने आई ये बड़ी वजह

सागर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और सागर की खुरई सीट से वर्तमान भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह ने वोटर लिस्ट से नाम कटवा दिया है। उन्होंने खुरई की मतदाता सूची से पत्नी, बेटे और 3 बेटियों का नाम हटवाकर अपने पैतृक ग्राम बामोरा में जुड़वाया है। हालांकि इसकी वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकीय है। सज्जन वर्मा ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को बताया पाखंडी, होली को लेकर दी बयान पर कहा- इतना प्रेम उमड़ रहा तो मुस्लिम इलाकों मेंत्र पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह का पैतृक गांव नरयावली विधानसभा के अंतर्गत आता है। जानकारी के मुताबिक, 2027 में संभावित परिसीमन के चलते खुरई और सुरखी विधानसभा आरक्षित हो सकती है। राजनैतिक कारणों के अलावा बैंक लोन के लिए स्थानीय निवासी होने के प्रमाण की अनिवार्यता के चलते भी पैतृक ग्राम में नाम जुड़वाने की चर्चा है। हालांकि इस मामले में विधायक भूपेंद्र सिंह की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव**

# प्रदेश के 700 हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

भोपाल-(आरएनएस) प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी।

इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे। वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फ़ाइनेंस एग्ज़ीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है,


# चैतन्य महाप्रभु के संदेश के साथ भव्य हरिनाम संकीर्तन यात्रा गढ़ाफाटक में संपन्न





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।**/श्री चैतन्य महाप्रभु एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने भगवान की भक्ति जन-जन में पहुंचे इसका संकल्प लिया था। संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि फाल्गुन मास की पूर्णमासी प्रभुजी के जन्मोत्सव पर चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल द्वारा नौ दिवसीय विशेष उत्सव श्रंखला में सातवें दिवस प्रात:प्रभातफेरी विवेक अग्रवाल के निवास से प्रारंभ होकर पड़ाव,अन्नपूर्णा मंदिर,सराफा,फुवारा,बड़े महावीर,शंकर घी भंडार,होते हुए जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक में भव्य हरिनाम संकीर्तन के साथ हर्षोल्लास से संपन्न हुई, संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के सानिध्य में सुमधुर धुन गाजे बाजे के साथ सुषमा गोस्वामी,भावना अग्रवाल,रेखा ठाकुर,नीतू केशरवानी,सीमा पटेल,रश्मि शर्मा,पं.देवेंद्र त्रिपाठी,डॉ.सुधीर अग्रवाल,सुरेंद्र गिरी,सत्यप्रकाश नामदेव, जितेंद्र शर्मा,के एल दीक्षित, मंगलसिंह पटेल,श्याम मनोहर पटेल,पप्पू चौबे,शिवम नामदेव, विशाल पंड्या,सुरेश विश्वकर्मा,अमित विश्नोई,देवेंद्र नेमा आदि बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भक्तजन उपस्थित रहे। 11 मार्च को प्रभात फेरी राजेश असाटी के स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित आवास से निकाली जाएगी।

**सम्पादकीय**
अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।



यह संपूर्ण विश्व भगवान श्रीविष्णु की शक्ति से ही संचालित है। वे निर्गुण भी हैं और सगुण भी। वे अपने चार हाथों में क्रमशः शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करते हैं। जो भी किरीट और कुण्डलों से विभूषित, पीताम्बरधारी, वनमाला तथा कौस्तुभमणि को धारण करने वाले, सुंदर कमलों के समान नेत्र वाले भगवान श्रीविष्णु का ध्यान करता है वह भव बन्धन से मुक्त हो जाता है। भक्तिपूर्वक देवदेव विष्णु की एक बार प्रदक्षिणा करने वाला व्यक्ति सारी पृथ्वी की परिक्रमा करने का फल प्राप्त करके बैकुण्ठ धाम में निवास करता है। जिसने कभी भक्ति भाव से भगवान लक्ष्मीपति को नमस्कार किया है,



## नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद

कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। इन सबके सबक क्या हैं?

प्रादेशिक स्वायतत्ता की उपेक्षा संबंधी दक्षिणी राज्यों की कई शिकायतों में दम है, मगर जिस तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इससे जुड़े सवालों को लेकर माहौल गरमा रहे हैं, उससे उनके इरादे पर शक होना लाजिमी है।

स्टालिन लोकसभा सीटों के संभावित परिसीमन से जुड़ी आशंकाओं, नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद, और हिंदी थोपने की कथित शिकायत को रोजाना के स्तर पर उठा रहे हैं।

इस क्रम में वे अपने राज्य के लोगों को तुरंत अधिक बच्चे पैदा करने की प्रतिगामी सलाह देने की हद तक चले गए हैं। जाहिरा तौर पर केंद्र की कई नीतियों से गहराई शिकायतों में स्टालिन ने अपनी पार्टी डीएमके के लिए अवसर देखा है।

संकेत साफ हैं कि साल भर बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में वे इन्हीं भावनात्मक मुद्दों को लेकर अभियान चलाएंगे। इस क्रम में खासकर भाषा विवाद में निहित खतरों की वे पूरी उपेक्षा कर रहे हैं। उनका अभियान हिंदी के खिलाफ है– जिसमें उन्होंने हिंदी बोलियों को खा गई जैसा तथ्यहीन दावा भी किया है। (ष्द्ब ह्यह्लड्डह्यद्बद्ध) बहरहाल, ऐसे मुद्दे कैसे हालात पैदा कर रहे हैं, इस पर भी उन्हें जरूर ध्यान देना चाहिए। कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई।

# भारतीय टीम ने लिखी नई इबारत, 12 साल बाद जीती चैम्पियंस ट्रॉफी

12 साल बाद चैम्पियंस ट्राफी में भारत की विजय ने क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। 2017 में पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को हरा दिया था। इससे पहले 2013 में भारत ने यह खिताबी मुकाबला जीता था। तब धोनी की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में हराया था। 2002 में भारत और श्रीलंका संयुक्त विजेता बने थे। इस तरह भारत ने रविवार को तीसरी बार आईसीसी की यह ट्राफी अपने नाम की है। इस विजय से विश्व कप- 2023 में अपने ही घर में ऑस्ट्रेलिया से मिली पराजय का गम भी कम हो गया है। भारत ने बिना कोई मैच हारे सभी मैच में जीत दर्ज की है। सेमी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा कर उसका दंभ भी हमने तोड़ दिया जो उसकी टीम ने विश्व कप के फाइनल में अहमदाबाद में दिखाया था। कंगारू टीम का मानमर्दन करके पूरी टीम इंडिया ने कमाल का प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच का रोमांच तो सिर चढ़ कर बोलता है। और, इस बार भी हमारी टीम ने उसे हराकर अच्छा सबक सिखाया है।

वैसे तो पिछला चैम्पियन होने के नाते पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान था लेकिन भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले। चूंकि सुरक्षा कारणों से भारत ने पाकिस्तान में जाकर मैच खेलने से इनकार कर दिया था, इसलिए एक समझौते के तहत भारतीय टीम ने अपने मैच दुबई में खेलना स्वीकार किया। पाकिस्तान की दिली इच्छा थी कि भारत की टीम उसके देश में आए। उसने तर्क दिया कि हम विश्व कप के मैच खेलने 2023 में भारत गए थे तो भारत को पाकिस्तान आने में क्या दिक्कत है? मगर, भारत सरकार ने अपनी टीम को वहां जाने की अनुमति नहीं दी। दरअसल, पाकिस्तान हमेशा आतंकी हमलों का शिकार होता रहा है। लगभग दस साल तक उसके यहां कोई विदेशी टीम खेलने नहीं गई। फिर भारत को लेकर तो वहां ज्यादा ही कटुता है। इन्हीं कारणों से भारत ने वहां जाने से इनकार कर दिया।

दुबई में पहले भी भारत खेल चुका है। वहां दर्शकों का भरपूर समर्थन टीम इंडिया को मिलता है। कोविड के समय अरब देश में आईपीएल का आयोजन भी हो चुका है। तटस्थ देश के रूप में भारत और पाकिस्तान के लिए यह मुफीद जगह है। मगर, दुबई के स्टेडियम में इस बार स्पिन गेंदबाजी ने बल्लेबाजों को नचा दिया। भारतीय टीम में जब पांच स्पिन गेंदबाजों को चुना गया तो लोग हैरान थे। पिच का स्वभाव देख कर ही भारत ने शुरू के दो मैचों के बाद अपने एकादश में चार स्पिनर रख लिये। यह निर्णय तुरुप का इक्का साबित हुआ। न्यूजीलैंड के खिलाफ लीग मैच में वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर इस निर्णय को सही साबित कर दिया। भारत की स्पिन चौकड़ी अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वरुण ने विपक्षी टीमों के इर्द गिर्द ऐसा जाल बुन दिया जिसमें वे फंसते चले गए।

आमतौर पर 50 ओवर के मैच में चार स्पिनर नहीं खिलाए जाते हैं। लेकिन भारत का प्रयोग बेहद सफल रहा। फाइनल मैच में भी कुलदीप ने रचिन रवींद्र और विलियमसन को जल्द आउट करके न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। अगर ये दोनों टिक जाते तो बड़ा स्कोर बना लेते, फिर भारत के सामने कठिन चुनौती पेश हो जाती। वरुण ने तीन मैचों में 9 विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। वहीं, अक्षर पटेल ने आलराउंडर की भूमिका में खुद को फिट कर लिया है। बल्लेबाजी क्रम में अक्षर को ऊपर भेजने का बहुत लाभ मिला। उसका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। मध्य क्रम में श्रेयस अय्यर ने प्रभावशाली प्रदर्शन करके टीम को मजबूती दी। शुभमन गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ तो विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाया। केएल राहुल की नाकामी से सभी चिंतित थे, पर सेमी फाइनल और फाइनल मैच के दौरान उसे यह दाग धो दिया। हार्दिक पांड्या ने बड़े शाट लगाकर लक्ष्य को आसान बना दिया। इस तरह सभी के योगदान से यह जीत मिली है। किसी एक खिलाड़ी को इसका श्रेय देना उचित नहीं होगा। फाइनल मुकाबले में 252 रन का लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था पर, न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी शानदार फील्डिंग से इसे मुश्किल बना दिया। भारत को कुछ विकेट फालतू में गंवाने पड़े वर्ना आसानी से जीत मिल जाती। क्रिकेट के खेल में कब क्या हो जाए कोई नहीं जानता। कप्तान रोहित और गिल के बीच सौ रन की ओपनिंग साझेदारी के बाद हालात कैसे बदल गए यह हम सबने देखा। %चेज मास्टर% कहे जाने वाले विराट कोहली एक रन बना कर चलते बने। न्यूजीलैंड की टीम ने चुस्त क्षेत्ररक्षण से भारत को रनो के लिए तरसा दिया। यह वही टीम है जिसने वर्ष 2000 की चैम्पियन ट्राफी के फाइनल में भारत को पराजित कर दिया था। तब इसका आयोजन केन्या में हुआ था।

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी।

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा! आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है।

## ग्रहण काल के दौरान भी बंद नहीं होते हैं ये फेमस मंदिर, भक्त कर सकते हैं पूजा-पाठ

सनातन धर्म में ग्रहण लगना अच्छा नहीं माना जाता है। इसलिए इस दौरान अधिकतर काम करना वर्जित माना जाता है। बताया जाता है कि ग्रहण काल के दौरान नकारात्मक ऊर्जा अधिक होने की वजह से कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। वहीं प्रेग्नेंट महिलाओं को बाहर न निकलने की सलाह दी जाती है। वहीं सूर्य ग्रहण लगने से 12 घंटे और चंद्र ग्रहण लगने से करीब 9 घंटे पहले सूतक लग जाते हैं। इस दौरान भगवान को छूने और पूजा-पाठ करने की मनाही होती है। इसलिए सूतक लगते ही घर में बने मंदिर और बाहर सभी मंदिरों के पट बंद कर दिए जाते हैं।

वहीं ग्रहण खत्म होने के बाद पानी और गंगाजल से धुलाई के बाद ही भगवान की पूजा-अर्चना शुरू होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ग्रहण काल के दौरान जब अधिकतर मंदिर बंद हो जाते हैं, तो वहीं कुछ ऐसे भी मंदिर हैं, जो ग्रहण काल के दौरान खुले रहते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि ग्रहण काल के दौरान खुले रहते हैं।

# पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट कैंसर

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है।

ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरु षों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है।

ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है।

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरु आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है।

## भगवान शिव को समर्पित है अन्नामलाईयार मंदिर, दर्शन मात्र से पूरी होती है हर मनोकामना

दक्षिण भारत में स्थित अन्नामलाईयार एक ऐसा शिव मंदिर है, जो काफी ज्यादा फेमस और प्राचीन है। बताया जाता है कि जो भी भक्त इस मंदिर में सच्चे मन से पहुंचता है, उसकी सभी मुरादें पूरी होती हैं। ऐसे में आज हम आपको दक्षिण भारत में स्थित अन्नामलाईयार मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

भारत एक ऐसा देश है, जहां पर हर 5 किमी में पवित्र और फेमस मंदिर मिल जाएंगे। इसलिए भारत को कई लोग मंदिरों के घर के नाम से भी जानते हैं। मंदिरों के अलावा कई फेमस, प्राचीन और पवित्र शिव मंदिर भी हैं। भारत में पूर्व से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक कई फेमस शिव मंदिर हैं। जहां पर दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। बता दें कि दक्षिण भारत में स्थित अन्नामलाईयार एक ऐसा शिव मंदिर है, जो काफी ज्यादा फेमस और प्राचीन है। बताया जाता है कि जो भी भक्त इस मंदिर में सच्चे मन से पहुंचता है, उसकी सभी मुरादें पूरी होती हैं।

# युवा महिलाओं के जीवन की वास्तविक झलक प्रस्तुत करती ज़िद्दी गर्ल्स

हरिशंकर व्यास

ज़िद्दी गर्ल्स' कहानी है पांच जेन ज़ी फ्रेशर्स की जो कॉलेज में आते ही गहरी दोस्ती, रोमांस और कैंपस की हवा के साथ साथ ज़िंदगी की ताप से भी गुज़र रही हैं।ज. ज़िद्दी गर्ल्स' सीरीज़ का निर्देशन किया है शोनाली बोस ने, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है। और संकल्प जोशी शामिल हैं।

कॉलेज की मस्ती, चुनौतियां और भावनात्मक उतार चढ़ाव को इसमें प्रामाणिक रूप से दर्शाया गया है।

कैंपस फ़िक्शन अपने आप में क़िस्सागोई के लिए एक बेहद दिलचस्प स्पेस है। चाहे ये कैंपस कॉलेज का हो या किसी यूनिवर्सिटी का, इसे कभी केंद्र तो कभी नेपथ्य में रख कर बहुत सी कहानियां, उपन्यास लिखे गए और फ़िल्में बनती रहीं हैं। इसी श्रृंखला में अब एक ताज़ातरीन वेब सीरीज़ आई है, ज़िद्दी गर्ल्स'। फिल्म की कहानी दरअसल दिल्ली विश्वविद्यालय में लड़कियों के लिए मशहूर कॉलेज मिरांडा हाउस' के इर्द गिर्द बुनी गई है, जिसका नाम तकनीकी और व्यावहारिक वजहों से मटिल्डा हाउस' कर दिया गया है। साथ ही शुक्र है उस भूल चूक लेनी देनी' की तख़्ती (डिस्क्लेमर) एडवांस में लगा देने वाले अनिवार्य चलन का, जिसकी वजह से यह सीरीज़ रिलीज़ के पहले उन विवादों में फंसने से बच गई, जो इसे इसके दर्शकों से दूर रख सकते थे।

तो चलिए आज के सिने-सोहबत' में चर्चा की जाए मटिल्डा हाउस' यानी मिरांडा हाउस' यानी एमएच' से जुड़ी इस कहानी पर बनी ज़िद्दी गर्ल्स' की।

दरअसल, एमएच' से मेरा निजी रिश्ता भी रहा है। तब मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर' (सीएलसी) में पढता था। क़रीब पच्चीस साल हो गए। ज़िंदगी की पहली घोषित गर्लफ्रेंड एमएच में थी और वो भी वहां के हॉस्टल में। ग़ौरतलब है कि ये बताना उतना प्रासंगिक नहीं है कि अब वो मेरी पत्नी हैं लेकिन चूंकि समाज को प्रेम कहानियों का सुखांत देखना अच्छा लगता है इसलिए मैंने इसका ज़िक्र भी कर दिया है।

तो होता ये था कि हर शाम उनसे मिलने जाता था। तब वहां रहने वाली लड़कियों के लिए विज़िटर्स से मिलने का समय होता था शाम साढ़े चार से साढ़े सात। उसके बाद के वक़्त को कहते थे कर्फ़्यू ऑवर'। शाम साढ़े सात के बाद हॉस्टल की वो सभी सैकड़ों लड़कियां उस ऊंची गेट और उससे भी ऊंची दीवारों के पीछे ग़ायब। ज़ाहिर है किसी भी संस्थान और वहां के माहौल को सुरक्षित रखने के लिए सिस्टम्स बनाए जाते हैं और समय समय पर उनको बेहतर करने के इंटरनल और एक्सटर्नल संघर्ष चलते रहते हैं।


बहरहाल, अनुशासन' और अलग अलग किस्म की आज़ादी' के बीच का संघर्ष सदियों से चला आ रहा है लेकिन एमएच' की लड़कियों की जो बात मुझे सबसे यादा चकित करती रही कि वो है वहां के माहौल में देश भर से पढ़ने और खुद को गढ़ने आई लड़कियों में ऐसा कॉन्फिडेंस आता है कि वो अपनी पसंद की फील्ड में कुछ भी कर गुज़रती हैं और वो भी अपनी शर्तों पर। चाहे वहां के थिएटर ग्रुप्स हों, या डिबेटिंग सोसाइटी या फिर स्टूडेंट्स यूनियन के चुनाव, चुनाव की प्रक्रिया और उनमें इन लड़कियों का बेधड़क भाग लेना, साइंस एक्जीबिशन हो या पोएट्री रेसाइटेशन अपनी पढ़ाई और स्पोर्ट्स के साथ साथ सबमें जूझना इन लड़कियों की जीवन शैली बन जाती है। इस कैंपस में हज़ारों लाखों सपने साकार किए हैं। हर क्षेत्र में लड़कियों ने नाम किए हैं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित भी एक्स मिरांडीयन (मिरांडा हाउस की पूर्व छात्रा) थीं।

बहरहाल, ज़िद्दी गर्ल्स' कहानी है पांच जेन ज़ी फ्रेशर्स की जो कॉलेज में आते ही गहरी दोस्ती, रोमांस और कैंपस की हवा के साथ साथ ज़िंदगी की ताप से भी गुज़र रही हैं। साथ ही वे अपने कॉलेज और वहां के माहौल को बाहरी खतरों से बचाने के लिए संघर्ष करना भी सीखती हैं। ज़िद्दी गर्ल्स' की कहानी का प्लॉट शिक्षा के निजीकरण' की साज़िश को अमली जमा पहनाने की कोशिश और उसके खिलाफ वहां की लड़कियों और कुछ ऐसे शिक्षिकाओं और शिक्षकों के संघर्ष पर टिका है जो उस खुले और प्रगतिशील माहौल को बचाए रखना चाहते हैं। एक तरफ खुले माहौल से हो रही भारतीय संस्कृति के अपमान का कुतर्क और

कॉलेज के खुले माहौल पर अंकुश लगाने की कवायद चल रही होती है तो दूसरी तरफ समानता के अधिकार' के तहत सबके लिए कम शुल्क में अच्छी शिक्षा को बरक़रार रखने की कोशिश है।

देश भर में जिस तेज़ी से शिक्षा का निजीकरण' बढ़ रहा है उससे अमीर और गरीब बच्चों के बीच की खाई और भी चौड़ी होती जा रही है। नितांत आवश्यक है कि सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य तकनीकी संस्थानों को बेहतर किया जाए ताकि हर तबके से आने वाले विधार्थियों को समान अवसर मिल सके। इस संदर्भ में मुझे छत्तीसगढ़ कैडर के अपने एक आईएएस अधिकारी मित्र अवनीश शरण का नाम इसलिए ध्यान में आ रहा है क्योंकि उन्होंने आईएएस रहते हुए अपनी बेटी की स्कूली शिक्षा के लिए उसका दाखिला शहर के एक सरकारी विद्यालय में करवाया था। लगभग सामंती समाज और उसकी री-पैकेजिंग के तौर पर नौकरशाही की ठसक वाले अपने इस देश के किसी भी छोटे शहर के लिए ये एक बहुत बड़ी घटना थी। उसके बाद अवनीश शरण के कई और साथी अफसरों और जूनियर्स ने भी ऐसा ही किया। फिर सरकारी अधिकारियों को ही राज्य सरकार के उस विद्यालय की स्थिति दुरुस्त करनी पड़ी. जिससे हर वर्ग से आने वाले बच्चों की सहूलियतें बढ़ गई। ज़रुरत है माइक्रो लेवल पर सबको अपना योगदान देने की ताकि अपने देश की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्राइवेट प्लेयर्स ही आखिरी विकल्प न रहें। बढिया है कि ज़िद्दी गर्ल्स' के माध्यम से समाज में शिक्षा के निजीकरण और उसके इर्द गिर्द भी विचार विमर्श हो कि अपने यहां किस अनुपात में क्या हो या क्या नहीं? ज़िद्दी गर्ल्स' सीरीज़ का निर्देशन किया है शोनाली बोस ने, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है। प्रमुख भूमिकाओं में सिमरन, नंदिता दास, अनुप्रिया कैरोली, रेवती, अतिया तारा नायक, उमंग भड़ाना, जैन अली, दिया दामिनी, नंदीश सिंह संधू

# -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको लाभ मिलेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। आज आपके विरोधी आपके सामने नतमस्तक होंगे, दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके परिवार में नई-नई खुशियां आएंगी। संतान की सफलता आपको प्रसन्न करेगी, आपके घर लोग बधाई देने आयेंगे। घर पर पार्टी का आयोजन करेंगे।

कर्क राशि- आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे, जिसमें अन्य लोगों का सहयोग मिलेगा। साथ ही किसी जरूरी विषय पर बातचीत भी होगी,

सिंह राशि- आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा है।आज आपको कई जिम्मेदारियां मिलेंगी,

कन्या राशि- आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे।

तुला राशि- आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे, जहां आप कुछ जरूरतमंद की मदद भी करेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आज अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम।

धनु राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी दोस्त से मिलने उसके घर जाएंगे, पुरानी यादें ताज़ा होगी। आज यात्रा करने से बचने की कोशिश करें। बच्चों के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

मकर राशि- आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। पुराने लेन-देन के मामलों में आज सोच विचार करेंगे। अपने खास रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां खुशी का माहौल बना रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपके दिन की शुरुआत अच्छे मूड के साथ होने वाली है। आज पैसों के मामले में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे, आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

मीन राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा,



दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को अधिकारियों को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य पार्टी नेताओं के खिलाफ 2019 में द्वारका में बड़े पार्टी होर्डिंग्स लगाने के लिए सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने की। सितंबर 2022 में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज कर दी। हालांकि, सत्र न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को पलट दिया और पुनर्विचार के लिए इसे मजिस्ट्रेट के पास वापस भेज दिया।

# घरेलू एविएशन सेगमेंट में भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा बाजार : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला एविएशन मार्केट है। भारत इस समय दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। पिछले दशक में देश में विमानों की संख्या 400 से बढ़कर 800 से ज्यादा हो गई है, और हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 159 हो गई है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि एयर एंबुलेंस, कार्गो आदि के क्षेत्र में भी देश में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान देश के उच्चतम मेडिकल संस्थानों में से एक है। यह दक्षिण-पूर्व एशिया में एयरोस्पेस मेडिसिन का एकमात्र पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट है।

रक्षा मंत्री ने बताया कि इस इंस्टीट्यूट ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर से लेकर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस तक के डिजाइन और डेवलपमेंट में अपना अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई निजी अंतरिक्ष एजेंसियां अब अंतरिक्ष मिशनों को अंजाम दे रही हैं। वैसे तो यह उनके लिए बड़ा अवसर है, लेकिन उनके सामने कई नई चुनौतियां भी आएंगी। ऐसे में उन एस्ट्रोनॉट तक भी एयरोस्पेस मेडिसिन की सुविधाएं पहुंचाने और उनके सामने आने वाली नई चुनौतियों की ओर पर्याप्त ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि हमारे पायलट दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पायलटों में से एक हैं। उन्हें अनुकूल वातावरण प्रदान करना हमारी बड़ी जिम्मेदारी है।

रक्षा मंत्री ने कहा, मैं इंडियन एयर फोर्स के हमारे बहादुर योद्धाओं को नमन करता हूं। इंडियन एयर फोर्स का शौर्य और पराक्रम अतुलनीय है। एक सैन्य बल के रूप में इंडियन एयर फोर्स, इंसान और मशीन का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। वायु सेना के जांबाज सैनिक, अपनी कर्तव्यनिष्ठता से, दिन-रात हमारी सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। हमारा मानव शरीर एक जटिल मशीन की तरह है, जो मुख्य रूप से पृथ्वी के वातावरण के लिए ही बना है। जब मनुष्य स्पेस में जाता है, तब उसे माइक्रो ग्रेविटी, रेडिएशन और आइसोलेशन जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उस स्थिति में, एयरोस्पेस मेडिसिन ही किसी इंसान के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है।

कॉकपिट डिजाइन यानी क्रू सीट कैसी होनी चाहिए, क्रू की मेडिकल किट में क्या-क्या होना चाहिए, यहां तक कि क्रू के सामने लगी डिस्प्ले कैसी होनी चाहिए और उस डिस्प्ले में क्या-क्या होना चाहिए जैसी बारीकियों के बारे में भी उन्होंने बात की।

उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन ने देश के पहले कॉस्मोनॉट राकेश शर्मा को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी निभाई थी। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इसरो के साथ मिलकर हमारे वर्तमान गगनयान एस्ट्रोनॉट का चयन भी, इसी संस्थान में हुआ है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन पर आगे बढ़ते हुए, भारत ने स्वयं को 2047 तक, एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को साकार करने में एयरोस्पेस सेक्टर की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है।

**राहुल गांधी की बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं : अर्जुन राम मेघवाल**

बीकानेर (आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस के कुछ नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मिले हुए हैं। राहुल गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि वो क्या कहते हैं और क्या करते है, ये सब जानते है। उन्हें कोई गंभीरता से नहीं लेता है।

मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी की बातों को कांग्रेस वाले ही गंभीरता से नहीं लेते, इसलिए दूसरों को भी उनकी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। आरोप लगाने से पहले राहुल गांधी को सोचना चाहिए कि वह क्या बोल रहे हैं।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने रविवार को बीकानेर में आयोजित मजदूर संघ के दूसरे दिन के अधिवेशन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने रेलवे से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी बात की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेल मंत्री के निर्देश पर रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू शनिवार को बीकानेर आए थे। बीकानेर में अधूरे पड़े रेलवे के कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के नवसारी में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के दौरान एक लाभार्थी को प्रमाण पत्र सौंपा.



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान एक युवा लड़की से बातचीत करते हुए.

# बिहार में बोले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, हिंदुओं का एकजुट होना जरूरी, इकट्ठे रहे तो कोई हरा नहीं पाएगा

गोपालगंज (आरएनएस)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हनुमंत कथा के दौरान हिंदू एकता को देश के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि अगर एकजुट रहेंगे तो कोई भी हमें तोड़ नहीं पाएगा।

प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि अगर हिंदू अकेले रहेंगे तो वे टूट जाएंगे, लेकिन अगर वे एकजुट होकर रहेंगे तो कोई भी उन्हें तोड़ नहीं सकता। अगर कुत्ते को एक पत्थर मारा जाए तो वह भाग जाएगा, लेकिन वही पत्थर अगर मधुमक्खी के छत्ते पर मारा जाए तो आपको ही भागना पड़ेगा। इसका मतलब यह है कि कुत्ता अकेला था, जबकि मधुमक्खी एकजुट थी।

उन्होंने कहा कि जैसे मधुमक्खियां अपने एकजुट होने की ताकत से किसी को भी हरा सकती हैं, ठीक उसी तरह हिंदू समाज यदि इकट्ठा रहेगा तो कोई भी उसे हरा नहीं सकेगा। हिंदू अलग रहेगा तो उसे भागना पड़ेगा, लेकिन अगर वह एकजुट रहेगा तो देशद्रोहियों को भागना पड़ेगा। मैं किसी पार्टी का प्रचारक नहीं हूं, मैं एक हिंदुत्व का विचारक हूं।

कथावाचक ने संविधान संशोधन को लेकर भी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि हम संविधान के खिलाफ हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। हम भारत के संविधान का सम्मान करते हैं, लेकिन इससे पहले भी 125 बार से ज्यादा संविधान में संशोधन हो चुका है और यदि जरूरत पड़ी तो एक बार फिर हिंदू राष्ट्र के लिए संविधान में संशोधन किया जाएगा।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 6 मार्च से 10 मार्च तक बिहार के गोपालगंज जिले में हैं। यहीं भोरे के रामनगर मठ में हनुमंत कथा का आयोजन किया गया है। हनुमंत कथा के दूसरे दिन भोजपुरी अभिनेता और बीजेपी सांसद मनोज तिवारी, रितेश पाण्डेय, शिवेश मिश्रा, पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी सहित अन्य भाजपा नेता पहुंचे।

**नागपुर में बोले बाबा रामदेव, औरंगजेब की चर्चा करना व्यर्थ**

नागपुर (आरएनएस)। पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क का भव्य उद्घाटन समारोह रविवार को नागपुर के मिहान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए योगगुरु बाबा रामदेव शनिवार को नागपुर पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए बाबा रामदेव ने महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। बाबा रामदेव ने कहा, भारत भगवान राम, भगवान कृष्ण, भगवान शिव और छत्रपति शिवाजी महाराज का देश है। हमें अपने पूर्वजों के गौरव से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

योगगुरु ने आगे कहा कि औरंगजेब एक क्रूर शासक था, उसकी चर्चा करना ही व्यर्थ है। भारत में जितने भी क्रूर आतंकी शासक रहे, उनकी गुलामी की निशानियों को सहेज कर रखने का कोई मतलब नहीं है।

## बरसाना में धूमधाम से खेली गई लठ्ठमार होली, श्रद्धालुओं ने लिया रंगों और परंपरा का आनंद

बरसाना (आरएनएस)। विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली का रंग आज उत्तर प्रदेश के बरसाना में पूरे उमंग और उत्साह के साथ बिखरा। राधारानी की नगरी में हजारों श्रद्धालु इस अद्भुत परंपरा का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से पहुंचे। यहां राधा बनीं बरसाना की हुरियारिनों (गोपियों) ने नंदगांव से आए कृष्ण रूपी हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाईं और इन हुरियारों ने भी ढाल से खुद को बचाने की कोशिश की। अबीर-गुलाल की रंगीन फुहारों, हंसी-ठिठोली, पारंपरिक लोकगीतों और भक्ति से सराबोर इस आयोजन का हर कोई जमकर आनंद लेता नजर आया। यह परंपरा हजारों वर्षों से निभाई जा रही है। नंदगांव के हुरियारे पीली पोखर पहुंचते हैं, जहां उनका स्वागत ठंडाई और भांग से किया जाता है। यहां से वे रंगीली गली जाते हैं, जहां बरसाना की गोपियां पारंपरिक होली के गीत गाकर उन्हें रिझाने की कोशिश करती हैं। इसके बाद हंसी-मजाक, नृत्य-संगीत के बीच लठ्ठमार होली का मुख्य आयोजन शुरू होता है। इस दौरान नंदगांव से आए हुरियारे ढाल लेकर आते हैं और बरसाना की हुरियारिनें उन पर प्रेम और शरारत के साथ लाठियां बरसाती हैं। यह आयोजन राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम को समर्पित होता है, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु हर साल बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ, नई दिल्ली में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान.

## पुणे में ट्रैफिक सिग्नल पर पेशाब करने वाले आरोपी गौरव आहूजा को किया गया गिरफ्तार

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे में एक ट्रैफिक सिग्नल पर बीएमडब्ल्यू से उतरकर पेशाब करने का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसने सोशल मीडिया पर तूफान मचा दिया था। वीडियो में आरोपी युवक के साथ उसका दोस्त भी मौजूद था, जो कार में शराब की बोतल लेकर बैठा था। युवक की इस हरकत के बाद से पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। इस घटना को लेकर पुणे पुलिस ने अब आरोपी गौरव आहूजा को पड़ोसी जिले सतारा से गिरफ्तार कर लिया है। पुणे पुलिस ने आरोपी गौरव आहूजा को कराड से गिरफ्तार किया और बाद में उसे मेडिकल जांच के लिए पुणे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में मुंबई पुलिस अधिनियम की धारा 110/112, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184, 185, बीएनएस की धारा 270, 281, 285 और 79 के तहत आरोप दर्ज किए हैं। गौरव आहूजा के खिलाफ यह कार्रवाई उसके द्वारा की गई अश्लील हरकत के कारण की गई है। गौरव आहूजा ने गिरफ्तारी से पहले अपने कृत्य के लिए माफी मांगते हुए एक वीडियो जारी किया था। वीडियो में वह हाथ जोड़कर खड़ा दिखाई दे रहा है और उसने कहा, मैं गौरव आहूजा पुणे में रह रहा हूं।

# नीतीश कुमार को अपनी कुर्सी के अलावा कुछ नहीं दिखता : प्रशांत किशोर

मुजफ्फरपुर (आरएनएस)। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर एकदिवसीय दौरे पर रविवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बिहार की स्थिति लालू यादव के जंगलराज से भी ज्यादा बदतर हो चुकी है। नीतीश कुमार के शासनकाल में अधिकारियों का जंगल राज है। नीतीश कुमार की राजनीतिक नैतिकता खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब नीतीश कुमार रेल मंत्री थे और पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना में 200 लोगों की मृत्यु हो गई थी। तब, इन्हीं नीतीश कुमार ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। आज उनकी पार्टी विधानसभा में हार चुकी है। 243 में से सिर्फ 42 सीटें हैं, लेकिन ये मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं। प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार को सिर्फ अपनी कुर्सी की चिंता है, उन्हें सिर्फ कुर्सी पर बैठना है चाहे भाजपा के साथ रहें या फिर राजद के साथ। उन्हें बिहार की जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं। प्रशांत किशोर ने बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी से सवाल करते हुए पूछा कि उन्होंने कहा है कि आरबीआई का आंकड़ा बता रहा है कि 1990 से लेकर अभी तक, बैंकों के माध्यम से 26 लाख करोड़ रुपये की पूंजी दूसरे राज्यों में चली गई। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सीडी रेशियो के आंकड़े जनता के सामने रखें और बताएं कि आखिर बिहार की पूंजी राज्य में बाहर क्यों भेजी गई। उन्होंने बिहार में गरीबी और बेरोजगारी को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में 80 प्रतिशत लोग रोज 100 रुपये भी नहीं कमा पाते।

## दम घुटने से 4 मजदूरों की हुई मौत, अंडरग्राउंड वाटर टैंक की सफाई के दौरान हुआ हादसा

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के नागपाड़ा इलाके में रविवार को एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक निर्माणाधीन इमारत के पानी के टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से चार श्रमिकों की मौत हो गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अनुसार, यह दुखद घटना दोपहर लगभग 12-29 बजे मिंट रोड पर गुड लक मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में हुई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत हरकत में आए और बचाव दल को मौके पर भेजा गया। कर्मचारियों को पानी की टंकी से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए जेजे अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया। मुंबई पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा डिमटीमकर रोड पर मस्तान तालाब के पास स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस नामक निर्माणाधीन इमारत में हुआ।




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संविधान सभा की महिला सदस्यों को दर्शाती प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित किया.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा में एसआईएफआई डेटा सेंटर के उद्घाटन के दौरान.

# बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुश्किलें बढ़ीं, पुलिस ने इस मामले में दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव थाने में यूपी के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह, जिन्हें राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनकी पत्नी भानवी सिंह द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने के आरोप के आधार पर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि मामला पहले से क्राइम अगेंसट वीमेन सेल में चल रहा था और मीडिएशन सेंटर भी मामला देखने गया था, लेकिन थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

राजा भैया और भानवी सिंह के बीच तलाक का मुकदमा वर्तमान में कोर्ट में चल रहा है। हाल ही में भानवी ने दिल्ली के साकेत कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था, जिसमें उन्होंने पति पर शारीरिक व मानसिक शोषण के साथ-साथ एक महिला पत्रकार के साथ अफेयर का आरोप लगाया।

भानवी ने कहा कि पति ने महिला पत्रकार के अफेयर के चलते उन्हें घर से निकाल दिया और उन्हें वापस ससुराल लौटने की अनुमति भी नहीं दी। हालांकि, उन्होंने कहा, वो मेरे पति और मेरे बच्चों के पिता हैं। मैं तलाक नहीं देना चाहती और कभी नहीं दूंगी। अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही हूं। आगे बताया गया कि राजा भैया पर कई गंभीर आरोप लगे हैं।

भानवी के आरोपों में यह भी शामिल है कि राजा भैया द्वारा उन्हें बार-बार टॉर्चर किया गया, जिसके चलते 23 अप्रैल 2015 को उन्हें इतनी गंभीर मारपीट के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। साथ ही, भानवी ने आरोप लगाया कि राजा भैया के कई महिलाओं के साथ अवैध संबंध हैं और विरोध करने पर उन्होंने एक बार तो फायरिंग कर मारने की भी कोशिश की थी। उन्होंने यह भी कहा कि राजा भैया बच्चों की उपेक्षा करते हैं, जिसके कारण पूरा खर्च स्वयं उन्हें उठाना पड़ता है।

राजा भैया का कहना है कि भानवी उनकी संपत्ति हड़पना चाहती हैं। इस आरोप के जवाब में कोर्ट ने भानवी को नोटिस भेजा है। दोनों के बीच शादी 1995 में हुई थी। राजा भैया और भानवी सिंह के दो बेटे और दो बेटियां हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान राजा भैया ने एफिडेविट में कुल 23.24 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का दावा किया था, जिसमें उनकी 13.64 करोड़ रुपये और भानवी सिंह की 6.08 करोड़ रुपये की संपत्ति शामिल बताई गई थी। शेष संपत्ति उनके चारों बच्चों के नाम पर है।



कई दिनों से सोशल मीडिया पर गोविंदा सुर्खियों में बनें हुए है। हाल ही में पत्नी सुनीता से तलाक लेने की खबरें सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई थी। जिसके बाद गोविंदा की पत्नी ने तलाक अटकलों को झूठा और बेबुनियाद बताया था और कहा था कि- इस दुनिया में किसी में कोई ताकत नहीं जो मुझे और गोविंदा को अलग कर सके। इस बीच, फिर से गोविंदा सुर्खियों में आ गए है।

# एथनिक आउटफिट में भूमि पेडनेकर का दिखा कातिलाना अवतार, एक्ट्रेस की शोख अदाओं पर दिल हार गए फैंस

बी-टाउन की खूबसूरत और ग्लैमरस अदाकारा भूमि पेडनेकर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

भूमि पेडनेकर की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने बेहद ही खूबसूरत ग्रीन कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का बन बनाकर, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स कर के



जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने एक्ट्रेस की इस फोटो पर कॉमेंट करते हुए लिखा है-टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- इतनी खूबसूरती हो आप, आखिर राज क्या है। तीसरे यूजर ने लिखा है- एलिगेंट एंड अमेजिंग।

**द वेकिंग ऑफ ए नेशन का ट्रेलर जारी, सामने आएगा जलियांवाला बाग हत्याकांड का सच**

जाने-माने निर्देशक और निर्माता राम माधवानी इन दिनों अपनी वेब सीरीज द वेकिंग ऑफ ए नेशन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस शो में जलियांवाला बाग हत्याकांड से जुड़े कई पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसमें तारुक रैना और निकिता दत्ता मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

**धमाकेदार होगा सिकंदर का आखिरी गाना, तुर्की से आए 500 डांसर्स के साथ नाचे सलमान खान**

सलमान खान की फिल्म सिकंदर इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। ऐसे में अब दर्शकों को बेसब्री से फिल्म का इंतजार है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था, जिसमें सलमान खान का धांसू अंदाज देखने को मिला। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर और उत्साह बढ़ जाएगा। फिल्म इसी हफ्ते रिलीज होने वाली है। ऐसे में यह चौंकाने वाली बात है कि फिल्म की टीम अभी भी फिल्म की शूटिंग कर रही है और अब आखिरी गाने की शूटिंग के लिए तुर्की से 500 डांसर्स को बुलाया गया है। बड़े पैमाने पर एक भव्य संगीतमय सीक्वेंस को फिल्माने की योजना है

# अदाकारी के बाद निर्देशन में कदम रखने जा रहीं राधिका आप्टे

अपनी अलग अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे जल्द ही फिल्म कोट्या से निर्देशन में डेब्यू करने जा रही हैं। राधिका आप्टे ने कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है। उन्होंने पिछले कुछ सालों में पैडमैन, अंधाधुन, मोनिका और माय डार्लिंग जैसी फिल्मों में बेहतरीन काम किया है। अब राधिका आप्टे एक्शन-फंतासी फिल्म के साथ निर्देशन में कदम रखने जा रही हैं।

खबरों के मुताबिक राधिका आप्टे की फिल्म कोट्या एक हिंदी/मराठी एक्शन-फंतासी है। इसमें एक प्रवासी नौजवान की कहानी दिखाई गई है। नायक एक गन्ना काटने वाला शख्स है। जबरदस्ती की एक चिकित्सा प्रक्रिया के बाद नौजवान को कुछ ताकतें मिलती हैं। इसके बाद वह उन ताकतों का इस्तेमाल अपने परिवार का कर्ज उतारने के लिए करता है। फिल्म का प्रोडक्शन विक्रमादित्य मोटवानी कर रहे हैं।

रिधिका के काम की बात करें तो वह हाल ही में सिस्टर मिडनाइट में नजर आईं थीं। इस फिल्म को कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। फिल्म को बाफ्टा अवॉर्ड के नामांकित किय गया था। राधिका को बीआईएफए अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया था। राधिका ने फिल्म में उस महिला का किरदार निभाया था जिसे जबरदस्ती



अरेंज मैरिज में घसीटा जाता है।

राधिका आप्टे ने साल 2012 में शादी कर ली थी। पिछले साल राधिका आप्टे ने अपने पति बेनेडिक्ट के साथ अपने बच्चे का स्वागत किया था। इंस्टाग्राम पर राधिका ने एक नवजात बच्चे की तस्वीर साझा की थी। इसमें वह बच्चे को स्तनपान करा रही थी। फोटो में छुट्टी के बाद काम पर उनकी वापसी को दिखाया गया था।

# इन गलियों में का ट्रेलर जारी, सोशल मीडिया के दुनिया में सच्ची प्रेम कहानी दिखाएगी फिल्म

इन गलियों में फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। फिल्म में आज के जमाने की प्रेम कहानी दिखाई गई है, जहां दो दिल सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़ते हैं, लेकिन अपने प्यार को हासिल करने के लिए उन्हें दुनिया से लड़ना है, जिसकी सच्चाई यह है कि वह अलग-अलग मजहबों में दोस्ती तो बर्दाश्त कर सकते हैं, लेकिन प्रेमी नहीं।

अपने होली सॉन्ग उड़ा हवा में रंग है से लोगों का दिल जीतने के बाद अब फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लोगों को आकर्षित कर रहा है। अविनाश दास के निर्देशन में बनी यह फिल्म आज की दुनिया में प्यार, सामाजिक रिश्तों और सोशल मीडिया की ताकत पर आधारित है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि सोशल मीडिया के जरिए विवान शाह को अवंतिका से प्यार हो जाता है और अभिनेत्री को प्रपोज करने में वह खूब पापड़ बेलते हैं। हालांकि, जब दोनों के बीच प्यार होता है, तब समाज की वो परेशानी उनके सामने आती है, जिससे लड़ने में खुद को कमजोर महसूस कर रहे हैं। कहानी उन गलियों की है, जहां हिंदू-मुस्लिम साथ रहते तो हैं, लेकिन दिल से साथ नहीं दिखते। वहीं, सोशल मीडिया पर दोनों के प्यार को लोग समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में दो प्रेमियों का प्यार क्या उनके रीति-रिवाजों से आगे बढ़ अपनी मंजिल हासिल करेगा या नहीं? यह फिल्म में ही पता चलेगा। अवंतिका और विवान शाह फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ जावेद जाफरी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यदुनाथ फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत इन गलियों में विनोद यादव और नीरू यादव द्वारा निर्मित और जांनिसार हुसैन, आदर्श सक्सेना, संजीव गोस्वामी और अल्कोर प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित है।

# नितिन स्टारर रॉबिनहुड की रिलीज़ डेट से उठा पर्दा, 28 मार्च को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

हीरो नितिन अपनी बहुप्रतीक्षित डकैती कॉमेडी रॉबिनहुड के साथ मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन वेंकी कुदुमुला ने किया है, जिन्होंने पहले उनके साथ एक ब्लॉकबस्टर भीष्म बनाई थी। माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में श्रीलीला नितिन के साथ अभिनय करती हैं। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है, और रॉबिनहुड 28 मार्च को सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो गर्मियों की रिलीज के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक है।

रिलीज डेट पोस्टर में नितिन को एक आकर्षक, विशेष एजेंट अवतार में दिखाया गया है, जो स्टाइल के साथ चलते हुए शान से पेश आ रहा है। फिल्म की प्रचार गतिविधियाँ जल्द ही शुरू होंगी, जिसमें केतिका शर्मा की विशेषता वाला दूसरा सिंगल कुछ ही दिनों में रिलीज़ होने वाला है। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है, और पहले सिंगल, झलक और अन्य प्रचार सामग्री को शानदार प्रतिक्रिया मिली है।

नवीन येरनेनी और वाई रविशंकर द्वारा निर्मित इस फिल्म की सिनेमैटोग्राफी साई श्रीराम ने की है, जबकि कोटी संपादक हैं और राम कुमार कला निर्देशक हैं। कलाकारों में नितिन, श्रीलीला, राजेंद्र प्रसाद, वेनेला किशोर और अन्य शामिल हैं। अपने प्रतिभाशाली क्रू और कलाकारों के साथ, रॉबिनहुड के एक बड़ी हिट होने की उम्मीद है, और प्रशंसक 28 मार्च को इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जैसे-जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, रॉबिनहुड को लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। एक्शन, कॉमेडी और स्टाइल के अपने अनूठे मिश्रण के साथ, यह फिल्म गर्मियों के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक बनने के लिए तैयार है। रॉबिनहुड के रोमांचकारी सफर को मिस न करें - 28 मार्च के लिए अपने कैलेंडर पर निशान लगाएँ और बेहतरीन हीस्ट कॉमेडी का अनुभव करने के लिए तैयार हो जाएँ!

**नादानियां का नया पोस्टर जारी, अपने-अपने परिवार के साथ दिखे खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान**

शाउना गौतम के निर्देशन में बन रही फिल्म नादानियां को दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहा हैं।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।

फिल्म में इब्राहिम की जोड़ी खुशी कपूर के साथ बनी है। आर्चीज और लवयापा के बाद यह उनके करियर की तीसरी फिल्म है। अब निर्माताओं ने नादानियां का नया पोस्टर जारी कर दिया है।

नए पोस्टर में इब्राहिम और खुशी की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। वह दोनों अपने-अपने परिवार के सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं।

**बी हैप्पी का ट्रेलर रिलीज, बेटी के सपनों को सच करने के लिए कुर्बानी देंगे अभिषेक बच्चन**

अभिषेक बच्चन स्टारर फिल्म बी हैप्पी का दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज हो गया है. लिजेल रेमो डिसूजा के रेमो डिसूजा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी और रेमो डिसूजा निर्देशित यह फैमिली एंटरटेनर फिल्म है, जिसमें एक पिता और बेटी के अटूट बंधन, सपनों के पीछे भागने के जादू और डांस के प्रति गहरे जुनून की कहानी को बयां करती है.

एक खुशमिजाज परिवार पर बेस्ड बी हैप्पी में अभिषेक बच्चन, नोरा फतेही, नास्सर, और इनायत वर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. जबकि जॉनी लीवर और हरलीन सेठी सहायक भूमिकाओं में होंगे. प्राइम वीडियो की ओरिजिनल फिल्म 14 मार्च को भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी भाषा में रिलीज होगी. साथ ही तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब एडिशन भी उपलब्ध होंगे.

# क्या रोजाना 8 गिलास पानी पीना जरूरी है? जानें सच्चाई

हम सभी ने सुना है कि रोजाना आठ गिलास पानी पीना स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। यह सलाह इतनी आम हो गई है कि लोग इसे बिना सोचे-समझे मानने लगे हैं।

हालांकि, क्या वाकई में यह सच है? इस लेख में हम इस भ्रम को समझने की कोशिश करेंगे और जानेंगे कि वास्तव में हमें कितना पानी पीना चाहिए।

आइए पानी पीने का सही तरीका और इसके अधिक सेवन के नुकसान बताते हैं।

शरीर की जरूरत के अनुसार पानी पीएं

हर व्यक्ति की शरीर की जरूरतें अलग-अलग होती हैं इसलिए एक ही मात्रा में पानी पीने का नियम सभी पर लागू नहीं होता है।

हमारे शरीर को कितनी मात्रा में पानी चाहिए, यह कई बातों पर निर्भर करता है जैसे उम्र, वजन, शारीरिक गतिविधि और मौसम।

अगर आप ज्यादा पसीना बहाते हैं या गर्मी होती है तो आपको अधिक पानी की जरूरत हो सकती है। इसलिए अपने शरीर के संकेतों को सुनें और उसी अनुसार पानी पीएं।

भोजन से भी मिलता है पर्याप्त पानी

पानी केवल पेय पदार्थों से ही नहीं मिलता बल्कि हमारे खाने से भी हमें पर्याप्त पानी प्राप्त हो सकता है।

फल और सब्जियों जैसे खीरा, तरबूज, संतरा आदि में काफी मात्रा में पानी होता है, जो हमारी दैनिक आवश्यकता का हिस्सा बन सकता है। इसलिए केवल पेय पदार्थों पर निर्भर न रहें बल्कि अपनी डाइट पर भी ध्यान दें ताकि आपके शरीर को सही मात्रा में पानी मिल सके।

अधिक पानी पीने के नुकसान

अधिक मात्रा में पानी पीने से कुछ समस्याएं भी हो सकती हैं जैसे इलेक्ट्रोलाइट



असंतुलन या हाइपोनेट्रेमिया, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

जब हम जरूरत से ज्यादा पानी पीते हैं तो हमारे खून का सोडियम स्तर कम हो जाता है, जिससे कमजोरी या चक्कर आने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए हमेशा संतुलित मात्रा में ही पानी पीएं ताकि आपका स्वास्थ्य ठीक रहे।

प्यास लगने पर ही करें पानी सेवन

हमारा शरीर खुद हमें संकेत देता रहता है जब उसे किसी चीज की आवश्यकता होती है, जैसे भूख लगती तब खाना खाते हैं वैसे ही जब प्यास लगे तभी हमें जल सेवन करना चाहिए। बिना वजह बार-बार पानी पीते रहने से बचें क्योंकि इससे आपकी किडनियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है, जिससे अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होने का खतरा बढ़ जाता है। अपने शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया पर भरोसा करें और उसी अनुसार अपनी दिनचर्या बनाएं।

# क्या आलसी होना भी हो सकता है फायदेमंद? जानिए क्या है नया थेराप्यूटिक लेजीनेस ट्रेंड

हर साल त्वचा की देखभाल, घर की सजावट और फैशन से जुड़े नए-नए ट्रेंड सामने आते हैं। हालांकि, क्या आपने कभी आलस करने के ट्रेंड के बारे में सुना है?

आपको जानकर हैरानी होगी कि 2025 में नींद से जुड़ा एक नया रुझान वायरल हो रहा है, जिसे थेराप्यूटिक लेजीनेस नाम दिया गया है।

यह ट्रेंड सिखाता है कि कैसे आलस करना भी फायदेमंद और चिकित्सकीय हो सकता है। आज हम आपको इस ट्रेंड का मतलब और इसके फायदे बताएंगे।



जानिए थेराप्यूटिक लेजीनेस ट्रेंड का मतलब

थेराप्यूटिक लेजीनेस पहले से प्रचिलित बेडरौटिंग ट्रेंड को नया आयाम देती है। इसका मतलब होता है बिना कोई काम किए लंबे समय तक बिस्तर पर बैठे या लेते रहना।

थेराप्यूटिक लेजीनेस तब होती है जब आप देर तक बिस्तर पर लेते हुए जानबूझकर अनुत्पादक व्यवहार करते हैं।

यह खुद की देखभाल करने का एक तरीका है, जिसके दौरान मन को शांत करने के लिए लोग इरादतन कोई काम नहीं करते हैं।

यह तकनीक तनाव पीड़ित लोगों के लिए अच्छी है।

इस ट्रेंड को अपनाने से मिलेंगे ये लाभ

सुनने में अजीब लगता है, लेकिन इस ट्रेंड को अपनाने के कई फायदे हो सकते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि थेराप्यूटिक लेजीनेस से ध्यान, रचनात्मकता और उत्पादकता में सुधार हो सकता है।

सक्रीय जीवनशैली वाले लोग और ऑफिस का काम करने वाले लोग अपने मन को शांत करने के लिए यह ट्रेंड अपना सकते हैं।

रात के वक्त कुछ देर बिना कोई काम किए लेटने से बेहतर नींद आती है और बुरे सपने भी नहीं आते हैं।

क्या इसके कोई नकारात्मक प्रभाव होते हैं?

अगर आप बहुत देर तक या बार-बार थेराप्यूटिक लेजीनेस का पालन करते हैं तो यह आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

थोड़े समय के लिए आराम करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि, लंबे समय तक लेटे रहने से सुस्ती आती है और उत्पादकता व प्रेरणा कम होने लगती है।

इतना ही नहीं, इससे कुछ लोग अवसाद का भी शिकार हो सकते हैं। इसीलिए, कुछ देर आराम करें और बाकि समय काम करते हुए ही बिताएं। आराम करते समय शर्म महसूस करने से कैसे बचें?

कई लोगों को काम करने की ऐसी आदत होती है कि जब भी वे ब्रेक लेटे हैं तो उन्हें शर्म महसूस होती है। ऐसे लोग मानते हैं कि आराम करने से समय बरबाद होता है।

इस मानसिकता से छुटकारा पाने के लिए आराम को नए सिरे से देखना शुरू करें। काम के बीच समय निकालकर आराम करें और काम खत्म करने के बाद आराम करने को प्राथमिकता दें।

इससे आपका काम भी प्रभावित नहीं होगा और आप खुशहाल भी रहेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -349

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 348 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोराबजार में पलाश राय उम्र 32 वर्ष निवासी कजरवारा रोड थाना गोराबजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह म.प्र.पूर्व क्षेत्र विधुत वितरण कम्पनी बिलहरी मे लाईन मेन के पद पर कार्यरत है आज वह बकाया बिजली बिल का भुगतान करने के लिये ग्राम भीटा मुन्नी बाई पटैल के घर स्कूल मोहल्ला भीटा अपने साथी कर्मचारी ब्रजमोहन सिंह के साथ गया था दोपहर लगभग 12-30 बजे वह मुन्नीबाई पटैल को बिल भुगतान करने के कहा तो कुछ नहीं बोली तभी मुन्नी बाई पटेल का लड़का विजय पटैल घर से निकला और हम लोगों के साथ गाली गलौज करने लगा



निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार-सफाई कार्यों में लगने वाले संसाधनों और श्रमिकों का हुआ भौतिक सत्यापन

# शहर के चार प्रमुख स्थानों पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा किया गया भौतिक सत्यापन का कार्य





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार आज शहर के चार प्रमुख स्थलों पर सफाई कार्यों में लगने वाले सफाई ठेकेदारों के संशाधनों का नगर निगम के अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। इस संबंध में अपर आयुक्त व्हीएनण् बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर को पाँच ग्रुपों में विभाजित कर सफाई कार्यो हेतु

## पॉच ग्रुपों के कर्मचारियों और संसाधनों का अलग.अलग हुआ परीक्षण

श्रमिकों की पूर्ति ठेका प्रणाली से कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई थीए निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् पाँचों ग्रुपों के लिए निविदाकारों का चयन किया गया। जिनके संसाधनों और श्रमिकों का आज अपरान्ह 12 बजे से अलग अलग स्थलों पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया गया। अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी ने बताया कि निविदाकारों जिसमें ग्रुप 1 एवं 5 के लए श्री बर्फानी सिक्योरिटी सर्विसेस का परेड ग्राउंड सिविल लाइनए ग्रुप 2 के लिए अल्ट्रा क्लीन एंड केयर सर्विसेस का रानीताल मैदानए ग्रुप 3 के लिए माँ नर्मदा सांई सेवा समिति का फूटाताल मैदान एवं ग्रुप 4 के लिए माँ नर्मदा सफाई संरक्षक एंड लेबर कांट्रेक्टर को.ऑपरेटिस सोसायटी का छुई खदान ट्रान्सफर स्टेशन में सफाई संसाधनों और श्रमिकों का भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन के समय उपायुक्त संभव अयाचीए कार्यपालन यंत्री जीएसण् मरावीए स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवालए एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बिलहरी क्रिश्चियन कब्रिस्तान में हंगामा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मसीही समुदाय के 200 से भी अधिक वर्षों से ब्रिटिशकालीन कब्रिस्तान में मंगलवार को जब हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब सेना के अधिकारियों तथा केंट बोर्ड के कर्मचारियों ने वहां पर चार पीढ़ियों से लगभग 80 वर्षों से निवासरत लोगों को मकान खाली कराने के लिए 24 फरवरी 2025 को दिए गए नोटिस के परिपालन में उन्हें बेदखल करने की कार्यवाही हेतु दल बल के साथ उपस्थित हुए। साथ ही सेना के जवानों ने कब्रिस्तान के मुख्य प्रवेश द्वार पर सैन्य वाहन को लगाकर लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने की कोशिश की । जैसे ही मसीही समुदाय के विश्वासियों को कब्रिस्तान में होने वाली गतिविधियों की खबर लगी वैसे ही सैकड़ों की संख्या में मसीही समाज के महिला पुरुषों तथा पास्टर आदि वहां पहुंच कर सेना के अधिकारियों तथा केंट बोर्ड के अधिकारियों की उपस्थिति में निवासरत लोगों की बेदखली तथा गेट बंद किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। अपराह्न तक माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थगन आदेश जारी होते ही सैन्य अधिकारी तथा अन्य विभाग के लोग वहां से हट गए। मंगलवार को हुई इस कार्यवाही में मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# होली के पूर्व आयुक्त महोदया के द्वारा नगर निगम के कर्मचारियों को किया जावेगा 4 प्रतिषत डीए के एरियर्स राषि का भुगतान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ, चालक संघ नगर निगम जबलपुर एवं शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के द्वारा आज दिनांक को निगमायुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी को ज्ञापन सौंपते हुये बताया गया कि म.प्र. शासन के द्वारा आदेष पारित किया गया जिसमें 4 प्रतिषत डीए के एरियर्स राषि का भुगतान चार किष्तों में किये जाने हेतु सुनिष्चित किया गया किंतु आज दिनांक तक कर्मचारियों को एरियर्स राषि का भुगतान नहीं किया गया। संघ के द्वारा निगमायुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी से मांग की गई कि 4 प्रतिषत डीए के एरियर्स राषि का भुगतान होली पर्व के पूर्व किया जावे। जिससे कर्मचारियों के द्वारा होली का पर्व बड़ी धूमधाम से अपने परिवारजनों के सहित मनाया जा सके। संघ के द्वारा की जा रही मांग को आयुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी के द्वारा स्वीकार करते हुये नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों को 4 प्रतिषत डीए के एरियर्स राषि का भुगतान होली पर्व के पूर्व किये जाने हेतु आदेष पारित किया गया एवं संघ को अबगत कराया गया कि नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों को 4 प्रतिषत डीए के एरियर्स राषि का भुगतान होली पर्व के पूर्व करा दिया जावेगा। निगमायुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी को ज्ञापन प्रेषित करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, जगदीष नन्हेट, सामियल, दयाराम धुर्वे, श्रीनिवासलू, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# रेलभवन में उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेलवे ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन के विचार (सम्मेलन हॉल) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्ल्यूडी) समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान किया गया तथा लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई, जिसमें लगभग 300 महिला अधिकारियों ने भाग लिया। रेलवे बोर्ड की सदस्य (वित्त) सुश्री रूपा श्रीनिवासन ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की, जबकि रेलवे बोर्ड के सचिव ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। समारोह के दौरान विभिन्न मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें एक नाटक, स्वास्थ्य चर्चा, योग प्रदर्शन, नृत्य और गीत प्रदर्शन, प्रश्नोत्तरी और अंताक्षरी शामिल हैं।



विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए निबंध और कला प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कलाकारों को मेरिट सर्टिफिकेट और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। ये प्रतियोगिताएँ 3 मार्च 2025 को आयोजित की गईं। पुरस्कार विजेता इस प्रकार हैं:-

निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रथम पुरस्कार:- सुश्री एलिस आर. टिर्की, संयुक्त निदेशक द्वितीय पुरस्कार:- सुश्री पूनम गिरीश शाक्य, निजी सचिव

तृतीय पुरस्कार:- सुश्री लावण्या सिंह, अनुभाग अधिकारी कला प्रतियोगिता के विजेता

प्रथम पुरस्कार:- सुश्री हर्षिता सिंह, निजी सहायक

द्वितीय पुरस्कार:- सुश्री कंचन कश्यप, निजी सचिव

तृतीय पुरस्कार:- सुश्री पूनम गिरीश शाक्य, निजी सचिव

सर्वश्रेष्ठ खेल महिला पुरस्कार विजेता प्रथम पुरस्कार:- सुश्री बिधिशा भट्टाचार्य, सांख्यिकी निरीक्षक द्वितीय पुरस्कार:- सुश्री प्रियंका, एमटीएस

तृतीय पुरस्कार:- सुश्री ईशा, निजी सचिव

सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कलाकार पुरस्कार विजेता

प्रथम पुरस्कार:- सुश्री जे. निरुपमा, प्रधान स्टाफ अधिकारी

द्वितीय पुरस्कार:- सुश्री बी. मोहनन, प्रधान स्टाफ अधिकारी

तृतीय पुरस्कार:- सुश्री निधि चौहान, निजी सहायक

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के एक भाग के रूप में, 7 मार्च 2025 को उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल के सहयोग से रेलवे बोर्ड कार्यालय की महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कुल 167 महिला कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच सुविधाओं का लाभ उठाया।

# जबलपुर में महाकौशल व्यापार मेले की मांग, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने सौंपा ज्ञापन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।- इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जबलपुर संभाग आयुक्त को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में जबलपुर में महाकौशल व्यापार मेलाष् आयोजित करने की मांग की गई है, जो ग्वालियर और उज्जैन में होने वाले व्यापार मेलों की तर्ज पर आयोजित हो। ज्ञापन में कहा गया कि जबलपुर मध्यप्रदेश के पूर्वी-मध्य क्षेत्र का प्रमुख शहर है, और यहां व्यापार मेला आयोजित होने से प्रदेश की आधी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा, महाकौशल, विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों के व्यापारी सरकार द्वारा दी जाने वाली 50 प्रतिशत टैक्स छूट का लाभ उठा सकेंगे, जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। गौरतलब है कि ग्वालियर में व्यापार मेले की शुरुआत वर्ष 1905 में हुई थी, जो स्वतंत्रता पूर्व से ही जारी है। वहीं, वर्तमान मुख्यमंत्री ने उज्जैन में व्यापार मेला शुरू किया है। इसी कड़ी में जबलपुर में भी व्यापार मेले की जरूरत महसूस की जा रही है, जिसके लिए इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी लगातार प्रयासरत है। महाकौशल व्यापार मेले की मांग को लेकर जल्द ही जबलपुर और अन्य शहरों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, डॉक्टरों, वकीलों, इंजीनियरों और व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि इस मांग को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लीलाधर झारिया, जिला अध्यक्ष ओ.पी. बिल्थरिया, जिला महामंत्री बलराम श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री राहुल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह, जिला सचिव मनोहरलाल बर्मन, प्रदेश युवा महामंत्री अंकुर उर्मलिया, आईएसयू अध्यक्ष राजकुमार झारिया और प्रदीप जी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अंगदान की मिसाल बने परिजन से मुलाकात



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत समय में काम के दौरान ऊंची दीवार से गिरने के कारण भेड़ाघाट शिल्पी नगर के रहने वाले स्व. पूरन लाल हादसे से गंभीर चोटें आईं। मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डाक्टरों ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिए। भले ही पारिवारिक आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, लेकिन भाई बोहित राज और उनके भतीजे माधव शरण राज और परिजनों ने मिलकर उनके ऑर्गन दान कर 4 व्यक्तियों को जीवन रोशन कर समाज को एक नई मिसाल प्रदान किए। एक किडनी मेट्रो अस्पताल जबलपुर सिवनी जिले की सुदामा बाई को और दूसरी किडनी इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल में मनीषा आथिया को ट्रांसप्लांट के लिए एवं अन्य 2 व्यक्तियों ऑर्गन प्रशासन के मदद से पहुंचाया गया। अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ सरस्वती घाट भेड़ाघाट पर किया गया।



स्व. पूरन लाल जी के परिजन के चारों तरफ तारीफ हो रही है। श्री बोहित राज ,माधव शरण राज एवं परिवार संस्था लाइट ऑफ ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी जबलपुर के कर्मठ और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक के रूप वर्षों से जुड़ कर जबलपुर शहर में समाज सेवा का कार्य करते आ रहे हैं। संस्था के पद अधिकारियों एवं सदस्यों वरिष्ठ समाज सेवी संतोष कुमार परस्ते , लक्ष्मी परस्ते एवं अन्य सदस्य द्वारा स्व.पूरन लाल जी के परिजनों के निवास स्थान शिल्पी नगर भेड़ाघाट में जाकर सांत्वना प्रगट कर उनके यह साहसिक कदम की तारीफ कर हौसला प्रदान किए। और उन्होंने कहा कि आपके स्वजन की असमय मृत्यु भी आप सभी को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी से नहीं हिला पाया। यह समाज आपके सदैव ऋणी रहेगा , अंत में परिजन का आभार व्यक्त किए।

नए वक्फ संशोधन विधेयक और मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा नवगठित मोमिन ईदगाह वक्फ कमेटी के विरोध में आयोजित 24 घंटे का धरना प्रदर्शन राष्ट्रपति महोदय के नाम प्रशानिक अधिकारों को ज्ञापन देकर किया गया समापन



# वक्फ बिल वापस न लिए जाने और मोमिन ईदगाह नव गठित कमेटी को बर्खास्त की मांग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गोहलपुर, जबलपुर में नए वक्फ संशोधन विधेयक 2024 और मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा हाल ही में गठित मोमिन ईदगाह वक्फ कमेटी के विरोध में आयोजित 24 घंटे का विशाल धरना प्रदर्शन हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति और समर्थन के साथ राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौंपकर संपन्न हुआ। धरना प्रदर्शन के दौरान मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के नेता, और सभी वर्गों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए और सरकार से इस अन्यायपूर्ण निर्णय को वापस लेने की पुरजोर मांग की। कार्यक्रम का समापन देर रात हजारों लोगों की उपस्थिति में, एसडीएम महोदय को महामहिम राष्ट्रपति एवं माननीय राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर किया गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने नए वक्फ संशोधन विधेयक को निरस्त करने और मोमिन ईदगाह वक्फ कमेटी का पुनर्गठन पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराने की मांग रखी। मोमिन ईदगाह एक्शन कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि यह की वक्फ संपत्तियां हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर हैं, जिनका उपयोग इस्लामिक दृष्टिकोण से केवल भलाई के कार्यों में होना चाहिए। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 में कई चिंताजनक प्रावधान शामिल किए गए हैं, जैसे कि वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण का अधिकार कलेक्टर को सौंपना, गैर-मुस्लिम सदस्यों को वक्फ बोर्ड में शामिल करना और सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्तियों की सूची से बाहर करना। यह विधेयक न केवल हमारे धार्मिक और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि वक्फ संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण स्थापित करने का भी प्रयास है। इन प्रावधानों से वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, पारदर्शिता और धार्मिक स्वायत्तता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इसी प्रकार, 28 दिसंबर 2024 को मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा जबलपुर की मोमिन ईदगाह के लिए एक नई वक्फ कमेटी का गठन किया गया, जो वक्फ बायलॉज और पारदर्शी प्रक्रिया का पूरी तरह उल्लंघन है। वर्ष 1928 में, अंसार समाज के बुजुर्गों ने समाज के चंदे और अपने सीमित संसाधनों से मोमिन ईदगाह का निर्माण किया था। यह ईदगाह न केवल एक इबादतगाह है, बल्कि हमारे बुजुर्गों की दी गई एक अमानत, हमारी तहज़ीब और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। बीते 96 वर्षों से इस ईदगाह का संचालन समाज के काबिल लोगों की देख-रेख में होता आ रहा है, जहां हमेशा पारदर्शी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के ज़रिए कमेटी का गठन किया जाता था। लेकिन हाल ही में गठित नई वक्फ कमेटी बिना समाज की सहमति और बायलॉज के विपरीत सियासी हस्तक्षेप के तहत बनाई गई है। इस प्रकार की मनमानी से हमारी धार्मिक धरोहर की सुरक्षा और समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। हम मांग करते हैं कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को तत्काल रद्द किया जाए या इसमें आवश्यक संशोधन कर वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए।

